भाद्रपद कृष्ण पक्ष दशमी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 45 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
18 अगस्त 2025 सोमवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

आज का मौसम
30 अधिकतम
22 न्यूनतम

## उपराष्ट्रपति के लिए एनडीए के पास वोट ज्यादा, विपक्ष को मनाने की कोशिश

### 9 सितंबर को मतदान

**नई दिल्ली एजेंसी।** भाजपा ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को आगामी 9 सितंबर को होने वाले उपराष्टपति चुनाव के लिए राष्टीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का उम्मीदवार घोषित तो कर दिया है लेकिन अभी विपक्ष का रुख और वोटों के गणित पर सभी की निगाहें हैं। हालांकि भाजपा ने कहा है कि इस मामले में विपक्ष से भी बात करके समर्थन लेने की कोशिश करेंगे ताकि हम सब मिलकर उपराष्टपति पद के लिए निर्विरोध चुनाव सुनिश्चित कर सकें। उल्लेखनीय है कि उपराष्टपति का चुनाव 9 सितंबर को होने वाला है। यह चुनाव लोकसभा और राज्यसभा, दोनों के सदस्यों द्वारा किया जाता है, जिनमें उच्च सदन के मनोनीत सदस्य भी शामिल हैं। वर्तमान में एनडीए का संख्यात्मक रूप से पलड़ा भारी है। दोनों सदनों की संयुक्त क्षमता 786 है, जिसमें 6 रिक्तियां शामिल हैं। पूरी तरह से भागीदारी मानते हुए, एक उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 394 वोटों की जरूरत पड़ती है। एनडीए की स्थिति फिलहाल अच्छी है, क्योंकि वर्तमान में लोकसभा में 542 सदस्य हैं जिनमें 293 सांसद एनडीए के हैं और 240 सदस्यीय राज्यसभा में 129 सांसद एनडीए के हैं। इनमें मनोनीत सदस्यों का समर्थन भी शामिल है। यानि सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत से कहीं अधिक यानि 422 वोट है। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 68(2) के तहत, त्यागपत्र, मृत्यु, पद से हटाए जाने या किसी अन्य कारण से उपराष्टपति के पद की रिक्ति को भरने के लिए चुनाव यथाशीघ्र कराया जाना चाहिए। निर्वाचित व्यक्ति पदभार ग्रहण करने के दिन से पूरे पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करता है।




फाइल

### बिहार में वोटर वेरिफिकेशन व वोट चोरी के आरोपों पर अडिग विपक्ष

# अब चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की सुगबुगाहट, संसद में जमकर हंगामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

चुनाव आयोग के 'जवाब' के बावजूद वोटर वेरिफिकेशन और वोट चोरी के आरोपों पर अडिग विपक्ष अब संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव भी ला सकता है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद सैयद नसीर हुसैन ने संकेत दिया और कहा कि पार्टी जरूरत पड़ने पर महाभियोग प्रस्ताव समेत सभी लोकतांत्रिक तरीकों का इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। वहीं आज इसी मुद्दे पर लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा जारी रहा। विपक्ष ने लोकसभा में बिहार वोटर वेरिफिकेशन को लेकर नारेबाजी की। लोकसभा स्पीकर की चेतावनी के बावजूद जब हंगामा जारी रहा तो पहले लोकसभा दोपहर 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। लेकिन बाद में जब सदन समवेत हुआ तो भी नारेबाजी नहीं थमने पर इसे 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया। सांसदों ने परिसर में भी नाराजगी का इजहार किया और जस्टिस मिलने के नारे लगाए।

उधर हंगामे के बीच लोकसभा में पीयूष गोयल ने जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 और धर्मेंद्र प्रधान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (संशोधन) बिल 2025 पेश किया। सदन में आज ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा की सफलता पर भी विशेष चर्चा होना है। इधर, राज्यसभा भी विपक्ष के हंगामे के बाद दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि भारतीय चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर साफ कहा है कि उस पर लगाए जा रहे 'वोट चोरी' जैसे झूठे आरोपों से न तो आयोग डरेगा है और न ही मतदाता। आयोग ने लोगों से अपील की कि वे संविधान में मिले अधिकार का इस्तेमाल करते हुए हर हाल में मतदान करें। आयोग कह चुका है कि दलों का पंजीकरण चुनाव आयोग ही करता है और उसकी नजर में न कोई पक्ष है, न विपक्ष है, सभी समकक्ष हैं।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वह बिहार में मतदाता सूची से हटाए गए करीब 65 लाख नामों का पूरा विवरण सार्वजनिक करे और यह भी बताए कि किन कारणों से उन्हें हटाया गया। आयोग ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह इस पर अमल करेगा।



### गया पहुंची राहुल की वोटर अधिकार यात्रा

कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राजद नेता तेजस्वी यादव बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान दूसरे दिन आज औरंगाबाद के देव सूर्य मंदिर से निकलकर अम्बा, कुटुंबा और रफीगंज होते हुए गया में प्रवेश कर गए हैं। यहां शाम को वे सभा को संबोधित करेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। राहुल ने कल बिहार के सासाराम में चुनाव आयोग और बीजेपी पर 'बड़े चुनावी घोटाले' के आरोप लगाए और कहा कि नागरिकों के संवैधानिक अधिकार छीने जा रहे हैं और वे इसी की लड़ाई लड़ने यात्रा पर निकले हैं.

### बिहार की मतदाता सूची आयोग ने वेबसाइट पर अपलोड की

बिहार में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर मचे बवाल के बीच नई सूची सीईओ बिहार की आधिकारिक वेबसाइट और सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों की वेबसाइट पर प्रकाशित(अपलोड) कर दी गई है। अब मतदाता अपने-अपने क्षेत्र की सूची देखकर स्थिति की जांच कर सकते हैं। सूची में तीन प्रमुख श्रेणियों के वोटरों को हटाया गया है, इनमें मृत मतदाता, स्थानांतरित मतदाता, डुप्लीकेट या दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता शामिल हैं। सीईओ कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि यह कदम मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाने के लिए उठाया गया है, ताकि आने वाले चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी या फर्जी मतदान की संभावना न रहे। ज्ञात हो कि बिहार में करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाने को लेकर सियासी बवाल मचा हुआ है। गत दिवस मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा था कि पारदर्शी और अद्यतन वोटर लिस्ट तैयार की जा रही है।

## नक्सलियों ने किया आईईडी ब्लास्ट, डीआरजी जवान शहीद

**बीजापुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान के दौरान डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) की टीम के सर्च आपरेशन के दौरान नक्सलियों के द्वारा किए गएआइईडी विस्फोट में जवान दिनेश नाग शहीद हो गए। इसके अलावा इस ब्लास्ट में तीन अन्य जवान घायल हैं। घायल जवानों का भोपालपटनम स्वास्थ्य केंद्र उपचार चल रहा है। घायल जवानों की स्थिति सामान्य और खतरे से बाहर बताई जा रही है। जिला पुलिस प्रशासन ने बताया कि अभियान पूर्ण होने के बाद विस्तृत जानकारी अलग से शेयर की जाएगी।



## सीएम की पीएम से मुलाकात



**नईदिल्ली।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज नईदिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पार्लियामेंट हाउस में भेंट की। सीएम यादव ने प्रदेश के विकास से संबंधित योजना से पीएम को अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी का भोपाल मेट्रो लोकार्पण का धार में टैक्सटाइल पार्क के लिए दौरा प्रस्तावित है।

## रन-वे पर फिर फिसला विमान !

**कोच्चि, एजेंसी**

केरल के कोच्चि एयरपोर्ट पर फिर एक एअर इंडिया के प्लेन में टेकऑफ से पहले खराबी के चलते हडकंप रहा। एक यात्री का दावा है कि विमान रनवे पर फिसलता महसूस हुआ। यह फ्लाइट कोच्चि से दिल्ली जा रही थी। एअर इंडिया ने बताया कि उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी का पता चला। कॉकपिट क्रू ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उड़ान नहीं भरने का फैसला किया और विमान को रखरखाव जांच के लिए वापस बे में ले आए। बताया जाता है कि इस फ्लाइट में एर्नाकुलम से कांग्रेस सांसद हिबी ईडन भी सवार थे। ईडन ने फेसबुक पर लिखा है कि विमान में कुछ एबनॉर्मल था। ऐसा लगा जैसे विमान रनवे पर फिसल गया।% फ्लाइट में कुल कितने यात्री सवार थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। इससे पहले शनिवार को भी एअर इंडिया की मिलान-दिल्ली फ्लाइट पुशबैक के दौरान तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई थी। तब टेकऑफ की तैयारी के दौरान रखरखाव संबंधी खराबी का पता चला था।




## विजय शाह की सुप्रीम सुनवाई टलने के आसार

**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह के सेना अधिकारी संबंधी विवादित बयान मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तावित सुनवाई टलने के भी आसार हैं। खबरों के मुताबिक जस्टिस जे. सूर्यकांत की डबल बेंच आज न बैठने के कारण यह सुनवाई टल सकती है। इसके चलते मामले की सुनवाई के लिए नई तारीख तय की जाएगी। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम से स्टेटस रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए थे। वहीं, मंत्री विजय शाह के वकील उनकी माफी को लेकर भी अपना पक्ष रखने वाले थे। दरअल, 28 जुलाई को जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने सुनवाई के दौरान मंत्री शाह की सार्वजनिक माफी को निष्ठाहीन बताते हुए खारिज कर दिया था। अदालत का कहना था कि उनके माफीनामे वाले वीडियो में जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने की बात स्वीकार ही नहीं की गई। जस्टिस सूर्यकांत ने टिप्पणी की थी- आप आत्मचिंतन करें कि अपनी सजा कैसे चुकाएंगे।



## एपल ने पसारे पांव, ढाई लाख वर्गफीट में दफ्तर के लिए करार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बेंगलुरू। दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी एपल अब बेंगलुरु में अपनी मौजूदगी और मजबूत कर रही है। कंपनी ने वसंत नगर स्थित एंबेसी जेनिथ में दस साल के लिए 2.7 लाख वर्गफुट ऑफिस स्पेस का लीज एग्रीमेंट किया है। यह सौदा करीब 1,010 करोड़ रुपये का है। यह भारत में एपल का का अब तक का सबसे बड़ा ऑफिस होगा। कंपनी ने इमारत की पांचवीं से 13वीं मंजिल तक का क्षेत्र लिया है। कंपनी हर महीने 6.315 करोड़ रुपये का किराया देगी। जबकि एग्रीमेंट में 4.5 फीसद सालाना बढ़ोतरी और 31.57 करोड़ रुपये का सिक्योरिटी डिपॉजिट तय किया गया है। अगले 10 सालों में इस लीज की कुल लागत लगभग 1,010 रुपये करोड़ होगी। खबरों के मुताबिक एपल भविष्य में यहां नीचे की भी चार मंजिलें लेने की तैयारी में है। अगर यह फाइनल हुआ तो कंपनी का बेंगलुरु ऑफिस करीब 4 लाख वर्गफुट में फैल जाएगा, जो इसे शहर की सबसे बड़ी कॉर्पोरेट लीज डील में शामिल कर देगा। खास बात यह कि एपल ने चार साल पहले बेंगलुरु के प्रेस्टीज स्क्वेयर में 1.16 लाख वर्गफुट का पहला ऑफिस लीज पर लिया था। इस नये सौदे से जाहिर है कि कंपनी भारत में मैन्युफैक्चरिंग, प्रोडक्शन और रिटेल रणनीति पर आगे बढ रही है। 2023 में मुंबई और दिल्ली व हाल में पुणे में स्टोर खोले गये थे।



### मेट्रो एंकर

### बिग बर्ड रडार से पकड़ा, लंबी दूरी का अब तक का सबसे बड़ा 'किल'

# पाकिस्तानी साब को वायुसेना ने मिनटों में बनाया मलबा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत के खिलाफ साजिश रचने निकला पाकिस्तान का एयरबॉर्न निगरानी जहाज Saab 2000, कुछ ही मिनटों में आसमान में धधकते मलबे में तब्दील हो गया। इस तरह भारतीय सेना ने आठ मई की रात पाकिस्तान को उसकी औकात याद दिला दी। भारतीय वायुसेना के एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने वह काम कर दिया, जिसे देखकर इस्लामाबाद के हुक्मरान हक्के-बक्के रह गए। पाकिस्तान को लगता था कि उसका Saab2000 भारत की रणनीति को मात दे देगा, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेना ने जो वार किया वह महज मिसाइल वार नहीं था बल्कि भारत की आकाश से पाक को धधकती चेतावनी थी। खबरों के मुताबिक मिशन को पंजाब-राजस्थान बॉर्डर पर तैनात एक यूनिट ने अंजाम दिया। ग्रुप कैप्टन अनीमेश की कमान में बिग बर्ड रडार ने पाकिस्तानी Saab2000 को 600 किमी दूर से ही पकड़ लिया। यह विमान पाकिस्तान की एयर कमांड का अहम हिस्सा था और लड़ाकू विमानों को गाइड कर रहा था। बताते हैं कि वायुसेना ने तुरंत इसे हाई-वैल्यू टारगेट घोषित किया और आदेश मिला- मार गिराओ। इसके बाद एस-400 यूनिट ने 40 एन 6 मिसाइल तैयार की, 143 किलो वॉरहेड से लैस यह घातक हथियार 400 किलोमीटर तक के टारगेट को नेस्तनाबूद कर सकता है। लिहाजा पलभर में मिसाइल लॉन्च हुई और पाकिस्तानी जहाज की ओर बढ़ चली। कुछ मिनटों में ही Saab2000 पर मौत मंडराने लगी. मिसाइल ने हवा में पास आते ही जबरदस्त विस्फोट किया और पाकिस्तानी निगरानी विमान आग के गोले में तब्दील हो गया।

बताया जाता है कि भारत के इस करारे वार से पाकिस्तान एयरफोर्स का कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम ही चरमरा गया। Saab2000 जैसे विमान को पाक सेना अपनी 'आंख और दिमाग' मानती थी। लेकिन एक मिसाइल हमले ने उसका खेल खत्म कर दिया। भारतीय मीडिया और इंटरनेशनल मिलिट्री एनालिस्ट्स ने इसे अब तक की सबसे लंबी दूरी से किया गया सफल स्र्रूकिल करार दिया है। सिर्फ इतना ही नहीं, ऑपरेशन सिंदूर में इससे पहले भारतीय वायुसेना ब्रह्मोस मिसाइल से भोलारी एयरबेस पर निशाना बना चुका था, यानी पाकिस्तान की 9 निगरानी विमानों की फ्लीट में से 2 एक झटके में साफ हो गए।



### अगले पड़ाव की ओर ..

खबरों के मुताबिक भारतीय वायुसेना अब अपने अगले पड़ाव की ओर बढ़ रही है। इसमें रूस से एस-500 की संभावित खरीद और स्वदेशी 'भारतीय आयरन डोम' के विकास का प्रोजेक्ट शामिल है। मान ।जाता है कि इसके बाद पाकिस्तान के पास आसमान में टिकने के लिये जगह नहीं बचेगी।

## गाना गाने पर तहसीलदार सस्पेंड

**लातूर, एजेंसी।** एक तहसीलदार का गाना गाना उनके वरिष्ठ अफसरों को नागवार गुजरा है और उन्हें निलंबित कर दिया गया है। यह मामला महाराष्ट्र के लातुर का है। यह कार्रवाई तब हुई जब तहसीलदार का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में वे अपनी विदाई समारोह में बॉलीवुड गाना गाते हुए दिखाई दे रहे हैं। प्रशांत थोरात नाम के ये तहसीलदार अपनी कुर्सी पर बैठे हुए गाना गा रहे थे।

### आज का कार्टून

राहुल की यात्रा, चुनावी गड़बड़ी का आरोप




फाइल फोटो

# अब मेंडोरा के पास दिखा बाघ वन विभाग कहा- पास न जाएं

## युवकों ने बनाया वीडियो, क्षेत्र में 5 बाघों का मूवमेंट

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

कलियासोत क्षेत्र में गत सप्ताह सड़क किनारे बाघ दिखने की घटना के बाद अब मेंडोरा बीट में मदरबुल फार्म और मेंडोरा के बीच सीमेंटेड रोड पर फिर बाघ के मूवमेंट के संकेत मिल रहे हैं। गत दिवस भी इस इलाके में कार की टेस्ट ड्राइव कर रहे युवकों के सामने अचानक बाघ आने की खबरें हैं। बताया जाता है कि उन्होंने इसका वीडियो भी बना लिया। युवक गाड़ी से बाघ के पीछे नजदीक तक जाते दिख रहे हैं।इस वीडियो के सामने आने पर वन विभाग हरकत में आया है। डीएफओ ने पेट्रोलिंग बढ़ाने और वाहन चालक की जानकारी जुटाने के निर्देश दिए हैं।

वन अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में बाघिन और शावकों का मूवमेंट है। वीडियो में दिखा बाघ शावक है, लेकिन पहचान नहीं हो पाई है। विभाग ने चेतावनी दी है कि यदि बाघ दिखे तो शांति बनाए रखें तथा उसके पास जाने की कोशिश न करें। जंगल में वाहन रोककर वीडियो न बनाएं। पशुओं को अकेले जंगल में न छोड़ें। दरअसल वन विभाग का कहना है कि केरवा से कलियासोत तक बाघिन टी-123 और शावकों सहित कई बाघ मूवमेंट कर रहे हैं। बारिश में पगमार्क और कैमरा ट्रैप से पहचान मुश्किल है। इलाके में करीब पांच बाघ सक्रिय हैं। अब तक यह शावक जंगल के अंदर था, लेकिन अब बाहर आ रहा है। वायरल वीडियो के बाद पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और गश्ती दल अलर्ट किए गए हैं। विभाग ने ग्रामीणों और स्थानीय लोगों से अपील की है कि बाघ दिखे तो सूचना दें और उसे परेशान करने की कोशिश न करें।

### नगर निगम व प्रशासन की अनदेखी के चलते विकराल हुई समस्या

# सड़कों से सरकते हुए ग्रीन बेल्ट तक पहुंच रहा अब अतिक्रमण

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

राजधानी में सड़कों के अलावा ग्रीन बेल्ट पर भी अतिक्रमण ने शहर के कई इलाको को बेनूर बना रखा है। आलम तो यह है कि निगम ऑफिस के बाहर ही अतिक्रमण का नजारा देखा जा सकता है। इसके चलते जो हरियाली हमेशा से भोपाल की पहचान रही, वो धीरे-धीरे खत्म हो रही है। हालांकि यह स्थिति बीते बीस साल में धीरे धीरे बढी है। कई जगह तो ग्रीन बेल्ट पर पूरी बस्ती बनी हुई है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि तीन दशक पहले तक में भोपाल में करीब 66 फीसदी हरियाली थी, जो बहुत कम रह गई है।

इस मामले में राजधानी परियोजना की एक रिपोर्ट कहती है कि शहर में ग्रीन बेल्ट पर करीब सात सौ अतिक्रमण हैं। 2023 में एनजीटी ने ये अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए थे। इसके बाद नगर निगम ने दावा किया था कि 615 जगहों से अतिक्रमण हटाया गया है और 56 अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए गए हैं। लेकिन निगम बाद में कार्रवाई भूल गया। और जो कब्जे हटाए थे, वे भी दोबारा जम गए।

उल्लेखनीय है कि दो सप्ताह पहले प्रशासन ने मैनिट के बाहर ग्रीन बेल्ट से अतिक्रमण हटाया था। अब वहां फिर अतिक्रमण हो चुका है। शाहपुरा झील के आसपा भी दोबारा स्ट्रीट फूड और फल-सब्जी के ठेले खड़े होने लगे हैं। उधर ग्यारह सौ क्वार्टर क्षेत्र की मुख्य सडक के दोनों तरफ फास्ट फूड के ठेलों ने पूरी सडक व ट्रेफिक को अस्तव्यस्त कर रखा है।

उधर यह भी देखा जा सकता है कि बीसीएलएल ने तो ग्रीन बेल्ट पर बस स्टॉप बना दिए हैं। एम्प्री से मिसरोद तक, आईआईएफएम, रायसेन रोड जैसे कई इलाकों में ऐसे बस स्टॉप बने हैं। प्रशासन व ननि की लापरवाही का नुकसान यह हुआ है कि हरियाली और पेड़ खत्म होते जा रहे हैं। सड़क के दोनों ओर जगह न होने से ट्रैफिक जाम हो रहा है। रहवासी क्षेत्रों में अतिक्रमण से परेशानी होती है। दरअसल शहर में वर्ष 1990 के बाद जब जमीन के दाम बढ़े, तब से अतिक्रमण की समस्या भी बढने लगी। जानकारों का कहना है कि ग्रीन बेल्ट को अतिक्रमण से बचाने के लिए यहां लोहे की मजबूत फेंसिंग करनी चाहिए और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।

हालांकि दावा है कि अतिक्रमण हटाने के लिए कलेक्टर नें टीमें बनाई हुई हैं तथा करीब 90 प्रतिशत शहर से अतिक्रमण हटाया भी गया है। अब नगर निगम ग्रीन बेल्ट पर बनी बस्ती और धार्मिक स्थलों को कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी करने की तैयारी में है।



## शहर में यह है ग्रीन बेल्ट की हालात

सीपीए का दावा है कि उसने 1986 से 2021 तक 42 लाख पेड़ शहर में लगाए थे, लेकिन आधे शहर में अब ग्रीन बेल्ट पर अतिक्रमण है। सबसे बड़ी बानगी माता मंदिर निगम कार्यालय के सामने देखी जा सकती है। जहां ग्रीन बेल्ट में जगह बनाकर खाने-पीने की दुकानें बनाई गई हैं। इनके बाहर निगम अफसरों की गाड़ियां खड़ी रहती हैं, जिससे जाम भी लगता है। कैम्पियन स्कूल के बाहर ग्रीन बेल्ट पर हॉकर्स कॉर्नर है। दुकानें पेड़ों को हटाकर बनाई हैं। कलियासोत नहर के पास कई किमी ग्रीन बेल्ट है, जिसे जगह-जगह से काटकर रास्ते बनाए गए हैं। ये रास्ते बीयर बार और रेस्टोरेंट की तरफ जा रहे हैं। इधर गोविंदपुरा आईटीआई से रायसेन रोड पर 1.8 किमी रास्ते में दोनों तरफ ग्रीन बेल्ट पर फल-सब्जी के ठेले, फास्ट फूड कॉर्नर हैं।

### सीबीएसई ने दिए निर्देश

# छात्र संख्या तय करने में स्कूलों की मनमर्जी बंद

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

सीबीएसई स्कूल मनमर्जी से छात्र संख्या नहीं बढ़ा पाएंगे। कक्षा में बच्चों की संया उसके आकार के आधार पर तय होगी। एक बच्चे को कम से एक वर्गमीटर जगह होना जरूरी है। स्कूलों में स्टूडेंट की संया तय करने सीबीएसई ने यह निर्देश जारी किए हैं। अब मान्यता का नवीनीकरण इसके आधार पर होगा। इसका असर मल्टीस्टोरी में संचालित स्कूलों पर सबसे ज्यादा असर होगा।

बच्चों को स्कूलों में पढ़ाई का माहौल देने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की गाइड लाइन के आधार पर इसे जारी किया। कक्षा में बच्चों की संया अधिकतम 40 रखी गई है। क्लास में भीड़भाड़ जैसे माहौल को खत्म करने स्कूल के निर्मित क्षेत्रफल के आधार पर कक्षाओं की संया तय की जाना है।

### पढ़ाई से लेकर प्रैक्टिल तक के लिए नियम

प्री-नर्सरी क्लासेस से लेकर 12 कक्षा तक के लिए नियम तय हुए हैं। यह स्कूल भवन के निर्मित क्षेत्रफल के आधार पर हैं। किसी स्कूल में अगर एक हजार वर्ग मीटर निर्मित भवन है तो अधिकतम आठ सेक्शन की अनुमति होगी। 1800 वर्गमीटर में अधिकतम 15 सेक्शन स्कूल रख सकता है।

## भदभदा पुल के समीप पौधे रोपे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने दक्षिण-पश्चिम विधानसभा के ज्यूडिशियल अकादमी के सामने भदभदा पुल के समीप पार्टी विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा आयोजित ''एक बगिया मां के नाम'' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम में पौधा रोपा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण खराब करने की जिम्मेदार हमारी वर्तमान पीढ़ी है, इसलिए इसे बचाना और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ पर्यावरण देना हमारी ही जिम्मेदारी है। सबनानी एवं करुणाधाम आश्रम के पीठाधीश्वर शांडिल्य महाराज ने भी संबोधित कर स्वच्छ पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करने का आग्रह किया।



# गुरुदेव शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव पर रक्तदान शिविर

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

धर्मपथिक परमपूज्य गुरुदेव पंडित शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के जन्मोत्सव के अवसर पर भागवत परिवार जनकल्याण समिति एवं सनातन प्रेस क्लब द्वारा भोपाल स्मारक अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र के सहयोग से कनक गार्डन, करोंद बायपास पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शास्त्री जी के निज सचिव राजेश राय ने बताया कि इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और भक्तों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संकल्प लिया। शिविर में शामिल होकर रक्तदाताओं ने गुरुदेव के संदेश रक्तदान महादान को सार्थक किया। गुरुदेव शैलेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि यह किसी का जीवन बचाता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए, यही सच्ची मानवीय सेवा है। इस मौके पर भागवत परिवार जनकल्याण समिति के अधयक्ष पीएन सैनी (बबलू भैया), शैलेष मिश्रा, महेश साहू, मदन माधव मालवीय, जितेन्द्र शर्मा, कौशल राय, विपिन चौकसे, संजय चौकसे, लक्ष्मीनारयण चौकसे, आशा गौर, श्रीमती सरिता विश्वकर्मा, कमलेश यादव, डॉ. वीरेन्द्र सैनी, कैलाश साहू, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भक्त शामिल हुए।



# अनियमित बारिश से फसल ठीक या खराब, आज से तीन दिन तक पटवारी करेंगे सर्वे

## 4 दिन में रिपोर्ट प्रशासन को देना होगी

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

बारिश की अनियमितता के बीच फसलों को लेकर जिला प्रशासन भी चिंतित है। सोमवार से पटवारियों को अपने-अपने हल्कों में फसलों की स्थिति को लेकर सर्वे करने का कहा गया है। तीन दिन में इसकी रिपोर्ट प्रशासन को देना होगी। यहां से इसे शासन के पास भेजेंगे। सर्वे में देखा जाएगा कि जिस तरह कभी बारिश तो कभी तेज धूप व कभी बादलों की स्थिति बनी हुई है, इससे फसलों पर कोई दुष्प्रभाव तो नहीं पड़ रहा। किसानों से चर्चा ककर स्थिति का आंकलन किया जाएगा। जिले में कई हल्के ऐसे हैं जहां बीते आठ- दस दिन से बारिश नहीं हुई। इससे फसलों को नुकसान की स्थिति तो नहीं है। जिले में सीहोर से लगे क्षेत्र में धान की फसल है, जबकि दलहन फसलें बैरसिया समेत अन्य क्षेत्रों में है। उड़द, अरहर, मूंग, मूंगफली जैसी फसलें काफी अधिक मात्रा में है। सोयाबिन के साथ मक्का भी बोई हुई है। प्रशासन की चिंता है कि बारिश नहीं होने से फसलों की स्थिति का आंकलन किया जाएगा है। इसके बाद शासन को रिपोर्ट भेजेंगे। इस आधार पर आगे की कार्रवाई व मुआवजा तय होगा।

**मेट्रो एंकर**

### कायस्थम के 'रिमझिम गिरे सावन' में मुकेश,किशोर कुमार, लता व रफी के गीतों की हुई बारिश

# जाने कहां गए वो दिन... सुरीले तरानों से महका स्टेट म्यूजियम

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

प्रसिद्ध पार्श्व गायक स्व. मुकेश चंद्र माथुर की 49 वीं पुण्यतिथि पर कायस्थम मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित रिमझिम गिरे सावन कार्यक्रम में मुकेश द्वारा गाए गए फिल्मी गानों ने ऐसा समा बांधा कि लोग भाव विभोर हो उठे। इसके पूर्व कायस्थम ने उनकी स्मृति में चित्रांश गायकों के लिए यह आयोजन किया था । जिसमें कायस्थ समाज के उभरते हुए लगभग 30 गायकों ने स्व .मुकेश के अलावा मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, लता मंगेशकर, आशा भोसले के भी गाने गए ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीनाक्षी माथुर और मुकेश प्रसाद माथुर शामिल हुए। मीनाक्षी ने कहा कि स्व. मुकेश अपनी गायकी के दम पर मुर्दा दिलों में जान फूंक दिया करते थे। मुकेश की आवाज फिजा में मोहब्बत की रंगत बिखेर देती थी। वे राज कपूर, मनोज कुमार और दिलीप कुमार की परछाई थे। अपने गाने की रिकॉर्डिंग के पहले कई दिन भूखे रहते थे, जिससे उनके गानों में दर्द झलकता था । सारी दुनिया उनके गानों और आवाज की दीवानी हो चुकी थी। वह कायस्थ कुल के गौरव भी थे । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव के अलावा अन्य विशेष अतिथियों में वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव, सेवानिवृत आईएएस एवं पूर्व अपर मुख्य सचिव कंचन जैन सक्सेना, प्रसिद्ध भजन गायक रवि खरे, पूर्व आईएएस श्री रजनीश श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। कायस्थम मध्यप्रदेश की ओर से अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, सचिव डॉ. रश्मि सक्सेना, संयुक्त सचिव अजय भटनागर, कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना और अनुराग श्रीवास्तव ने अतिथियों को भगवान चित्रगुप्त का छायाचित्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में शिरकत कर रहे सभी 30 गायकों को कायस्थम की ओर से बैज लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम रिमझिम गिरे सावन में गायक अवनीश रायजादा ने लोफर फिल्म का मोहम्मद रफी का गीत आज मौसम बड़ा बेईमान है,कविता और कमोद सक्सेना ने पहचान फिल्म में मुकेश द्वारा गाया गीत आया न हमको प्यार जताना,संजय खरे एवं रत्ना खरे ने अनाड़ी फिल्म का मुकेश व लता मंगेशकर द्वारा गाया दिल की नजर से, राकेश रायजादा ने दाग फिल्म का रफी का गीत जिंदगी भर नहीं भूलेगी बरसात की रात, योगेंद्र श्रीवास्तव व रश्मि सक्सेना ने कश्मीर की कली फिल्म का दीवाना हुआ बादल सावन की घटा छाई, एडवोकेट अनुराग श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की थीम मंजिल फिल्म का किशोर कुमार द्वारा गाया गाना रिमझिम गिरे सावन... सुलग सुलग जाए मन तथा मीता श्रीवास्तव के साथ रोटी कपड़ा और मकान फिल्म का मुकेश एवं लता मंगेशकर द्वारा गाया मैं न भूलूंगा... मैं न भूलूंगी , रवि शंकर खरे और अल्पना वर्मा ने रफी और लता द्वारा अंजाना फिल्म के रिमझिम के गीत सावन गाये ,अरुण श्रीवास्तव ने दो रास्ते फिल्म का छुप गए सारे नजारे ओए क्या बात हो गई, हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने हसीना मान जाएगी फिल्म का रफी द्वारा गया गया। अजीत श्रीवास्तव ने सरस्वती चंद्र फिल्म का लोकप्रिय रहा गाना चंदन सा बदन... चंचल चितवन गाकर श्रोताओं को मुकेश की याद ताजा करा दी।



## एक्सलेंस स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बागमुगलिया एक्सटेंशन क्षेत्र में शुरू हुये नये एक्सलेंस पब्लिक स्कूल में 15 अगस्त के पावन अवसर पर डायरेक्टर समीर प्रसाद ने भव्य झंडावंदन किया और बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया।

## सुझाव देने वाले सेवकों का किया सम्मान

**भोपाल।** एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन से संबद्ध भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने संघ परिसर में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में कहा कि सभी शाखाओं के सेवक, सुरक्षा गार्ड अपने नए नए नवाचारों के साथ सुझाव दे सकते हैं। स्वस्थ, स्वच्छ सुझाव देने वालों को समय समय पर सम्मानित भी किया जाएगा। इस अवसर पर संघ की क्वालिटी कंट्रोल प्रभारी प्रज्ञा झा ने नए-नए नवाचारों के स्वस्थ, स्वच्छ सुझाव देने वाले सेवकों को ''सांची कप'' देकर सम्मानित किया गया।

### ताकि वीवीआईपी जल्द पहुंच व उड़ सकें

# पांच बड़े शहरों की चारों दिशाओं में बनेंगे हेलीपैड

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**राज्य सरकार ने सूबे के पांच बड़े शहरों में चारों दिशाओं में हेलीपैड तैयार कराने का फैसला किया है। इसके अलावा जिन 28 जिलों में हवाई पट्टियां नहीं हैं, वहां एयरस्ट्रिप का निर्माण कर विमानन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा और जहां पहले से एयरस्ट्रिप है वहां की हवाई पट्टियों को विस्तारित कर औद्योगिक और घरेलू उड़ाने के लिए तैयार किया जाएगा।**

जानकारी के मुताबिक इस नए विजन पर विमानन विभाग ने इसके लिए कलेक्टरों को पत्र लिखकर एक माह में प्रस्ताव मांगा है ताकि इस पर निर्णय लिए जा सकें।विमानन विभाग ने भोपाल, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर के कलेक्टरों को पत्र लिखकर कहा है कि इन शहरों में वीवीआईपी मूवमेंट अधिक होता है। ऐसे में वीवीआईपी के सुरक्षा मानक, इनके आने-जाने से आमजन को होने वाली परेशानी को कम करने के लिए इस शहरों के चारों दिशाओं में तीन से चार हेलीपैड बनाए जा सकते हैं। लिहाजा कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वे 15 दिन में प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजें। इसमें हेलीपैड



के लिए जमीन चयन करते समय सरकारी जमीन को प्राथमिकता में रखने को कहा गया है ताकि निजी जमीन के अधिग्रहण आदि के पेंच से यथासंभव बचा जा सके। हालांकि आवश्यक होने पर निजी जमीन के उपयोग का विकल्प भी रखा गया है। यह भी कहा गया है कि हेलीपैड के लिए विश्वविद्यालय, कॉलेज, औद्योगिक इकाई के परिसर का इस्तेमाल किया जा सकता है।

गौरतलब है कि अभी प्रदेश के 28 जिलों में अभी हवाई पट्टी नहीं है। लिहाजा वहां शासकीय जमीन को प्राथमिकता देते हुए जमीन का चयन कर प्रस्ताव तत्काल मांगा गया है। हवाई पट्?टी का एरिया दो हजार वर्गमीटर से कम नहीं होना चाहिए। उसके चारों ओर बाउंड्रीवाल भी जरूरी होगी। विमानन विभाग ने कहा है कि इन 28 जिलों में 100 किमी के दायरे में हवाई पट्टी होना चाहिए।

#### तहसील मुख्यालयों में बनेंगे हेलीपैड

विमानन विभाग ने एयरस्ट्रिप वाले जिलों से कहा है कि नगरपालिका, तहसील मुख्यालय से 50 किमी के दायरे में हेलीपैड बनाया जाए। इसलिए हेलीपैड की आवश्यकता, उपयोगिता और व्यवहारिकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार कर 15 दिन में तैयार होंगे। इन स्थानों पर हेलीपैड के साथ वेटिंग रूम भी बनाए जाएंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, दतिया, सतना में एयरपोर्ट बन चुके हैं।

## हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल की तिमाही परीक्षा 28 अगस्त से होंगी शुरू

**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय स्कूलों में इस वर्ष कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षाएं 28 अगस्त से शुरू हो रही है। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा निर्देश जारी किये है। परीक्षाएं हाई-हायर सेकण्डरी स्कूल की 28 अगस्त से शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 9 सितम्बर तक सम्पन्न हो जायेंगी। त्रैमासिक परीक्षा के प्रश्न पत्र विमर्श पोर्टल पर भेजे जायेंगे। इससे राज्य स्तर पर परीक्षा पेपर की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेंगी। निर्देशों में कहा गया है कि अभिभावकों और शिक्षकों की मीटिंग (पीटीएम) आयोजित करने के लिये कहा गया है। यह मीटिंग सभी स्कूलों में 16 सितम्बर को होंगी। मीटिंग में बच्चों के अभिभावकों को उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कराया जायेगा। इस व्यवस्था के लिये संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को अलग-अलग दल गठित कर न्यूनतम 10-10 स्कूलों का निरीक्षण करने के लिये कहा गया है। त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम 20 सितम्बर तक विमर्श पोर्टल पर प्रविष्ट करने के लिये भी कहा गया है। परीक्षा की समय सारणी स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के लिये भी कहा गया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा सत्र वर्ष 2026-27 अपार आईडी व्यवस्था अनिवार्य की गई है।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रतलाम जिले के कुंडाल में आयोजित कार्यक्रम में नागरिकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### महकमों को लौटानी होगी बची राशि

# वित्त विभाग ने खींची खर्च की लगाम

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

वित्त विभाग ने सीमित वित्तीय संसाधन और बढ़ते कर्जों के बीच मोहन सरकार अब विभागों के मनमाने खर्च पर लगाम लगाने की तैयारी कर ली है। विभाग ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि निर्माण-खरीदी टेंडर में जितनी राशि की प्रशासनिक सहमति मिली है, अगर उससे कम राशि पर काम होता है तो बची राशि सरकार को लौटानी होगी। बची हुई राशि और उससे मिले ब्याज को कोषालय में सितंबर महीने तक जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।



जानकारी के मुताबिक वित्त विभाग के एसीएस वित्त मनीष रस्तोगी ने इस संबंध में सभी विभाग प्रमुखों और बजट नियंत्रण अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं। अभी तक की व्यवस्था के मुताबिक, विभाग बची हुई राशि का इस्तेमाल अपने हिसाब से दूसरे कामों में कर लेते थे। वित्त विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का तत्काल पालन सुनिश्चित किया जाए। अन्यथा इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता माना जाएगा। पूंजीगत खर्चों से जुड़ी योजनाओं में यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। शासन के आदेश के मुताबिक, निर्देशों का पालन तत्काल प्रभाव से करने के निर्देश हैं। ऐसा नहीं करने पर इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता मानकर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

#### टेंडर की शर्तों पर होगा भुगतान

बताया जाता है कि अभी सरकार के पास वित्तीय तरलता सुनिश्चित करने के लिए अब लंबी अवधि के पूंजीगत कामों के लिए एक साथ बजट उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। जहां निर्माण कार्य पुलिस हाउसिंग, पीआईयू, हाउसिंग बोर्ड, भवन विकास निगम, मार्कफेड, लघु उद्योग निगम जैसी एजेंसियों के माध्यम से होते हैं, वहां मंजूर राशि का 66फीसद पहली किस्त में दिया जाएगा। इसके बाद 75 फीसद खर्च हो जाने पर शेष 34 प्रतिशत दूसरी किस्त के रूप में दी जाएगी। जिन विभागों द्वारा स्वयं टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कार्य किए जाते हैं, वहां भुगतान टेंडर की शर्तों के अनुसार होगा।

### सीएम के ऐलान के बाद कवायद तेज

# पुलिस की नई भर्ती के लिए अब नया बोर्ड, तीन साल में भरे जाएंगे सभी खाली पद



दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**मप्र में पुलिस बल की भर्तियों के लिए एक अलग बोर्ड बनाने की तैयारी तेज है। ये भर्तियां कर्मचारी चयन मंडल (ईसीबी) से ही होंगी। अगले साल से पुलिस भर्ती बोर्ड नई भर्तियां शुरू कर देगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर राज्य स्तरीय स्वाधीनता दिवस समारोह में यह बात कही है इसके बाद संबंधित महकमों में इस पर कवायद शुरू हो गई है।**

सरकार की सारी कवायद अगले तीन साल में पुलिसबल में खाली सभी पदों को भरने की है। इस वर्ष 7,500 रिक्त पदों पर भर्ती की अनुमति दी गई है। पुलिस के करीब 22,500 पदों पर भर्ती होनी है। यानि सरकार का इरादा है कि अब हर साल 7,500 पदों पर भर्ती कर 3 साल में पुलिस विभाग के रिक्त पद भर दिए जाएंगे। बताया जाता है कि पुलिस, जेल और नगर सेना एवं सुरक्षा तीनों विभागों के शहीदों की विधवाओं और बच्चों के लिए ग्रेजुएट कोर्सेस में प्राथमिकता श्रेणियों में एक अतिरिक्त सीट पर आरक्षण दिया जाएगा।

गौरतलब है कि मप्र पुलिस ने हाल में नक्सलवाद समस्या पर भी खासा ध्यान दिया है। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मार्च 2026 तक नक्सलवाद के सफाए की बात कह चुके हैं। मुख्यमंत्री ने भी पुलिस बल को इसी दिशा में काम करने और मप्र को नक्सल-मुक्त करने के लिये कहा है।

### मध्य प्रदेश में झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला...

# बिना नाम-पट्टिका और पंजीयन के सूबे में चल रहे अवैध क्लीनिक

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

मध्यप्रदेश में झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। कई होम्योपैथिक और आयुर्वेदिक डिग्रीधारी डॉक्टर एलोपैथी दवाएं लिखकर इलाज कर रहे हैं, जबकि कई ऐसे फर्जी चिकित्सक भी हैं जिनकी क्लीनिक में न नाम-पट्टिका है, न ही पंजीयन।



इन झोलाछापों को दवा दुकानदारों और नर्सिंग होम संचालकों का पूरा सहयोग मिलता है। यही कारण है कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में इनका नेटवर्क तेजी से फैल रहा है। मरीजों से साधारण बीमारी के इलाज, दवा और जांच के नाम पर मोटी रकम ऐंठी जाती है। गलत दवा और खुराक से कई मरीजों की हालत बिगड़ रही है, गंभीर स्थिति में अस्पताल तक भर्ती करना पड़ रहा है और मौत के मामले भी सामने आ चुके हैं।

#### क्या कहते हैं नियम

- » चिकित्सक का मध्यप्रदेश मेडिकल एसोसिएशन काउंसिल में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।
- » जिले में प्रैक्टिस करने के लिए सीएमएचओ कार्यालय से लाइसेंस अनिवार्य है।
- » केवल बीएएमएस डिग्रीधारी डॉक्टर छह माह का ब्रिज कोर्स करने के बाद ही एलोपैथी लिख सकते हैं।
- » अवैध क्लीनिक सील किए जा सकते हैं।
- » दोषी पाए जाने पर तीन माह तक की सजा का प्रावधान है।

#### स्वास्थ्य विभाग का पक्ष

सीएमएचओ डॉ. संजय मिश्रा ने कहा अगर लोगों से हमें झोलाछाप डॉक्टरों की लिखित शिकायत मिलती है तो संबंधित स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख चिकित्सक को जांच के लिए कहा जाता है। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। लोग आगे आएं और जानकारी साझा करें तभी इन गड़बड़ियों पर रोक लगाई जा सकती है।

## श्रम स्टार रेटिंग: एक नवीन सूचकांक के लिए उद्योगों के साथ बैठक

**भोपाल।** श्रम स्टार रेटिंग की अवधारणा और व्यापार उद्योग जगत में इसकी उपयोगिता के संबंध में श्रम सचिव रघुराज राजेन्द्रन 19 अगस्त को प्रातः 11 बजे उद्योगों के प्रतिनिधियों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विचार विमर्श करेंगे। रघुराज राजेन्द्रन ने उद्योग जगत के विभिन्न संगठनों से इस विचार विमर्श में भाग लेने की अपील की है। श्रम स्टार रेटिंग एक ऐसी अवधारणा है जो कि किसी उद्योग विशेष की श्रम संबंधी योग्यताओं, मानकों के पालन का प्रमाणीकरण कर सकती है। इसमें उद्योग एवं प्रबंधन की नीतियों का आंकलन किया जाता है। यदि इस दिशा में कार्य करते हुए एक सूचकांक (इन्डेक्स) बना सकें जो किसी उद्योग या व्यवसाय की श्रम और पर्यावरण मित्रता की गणना करता है तो यह सूचकांक उत्पाद के बेहतर विपणन (मार्केटिंग) में सहायक हो सकता है। यह सूचकांक उद्यम द्वारा सेवा/उत्पाद में स्टार रेटिंग की तरह प्रदर्शित किया जा सकता है। इस रेटिंग में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले उत्पादों को विपणन में सहायता दी जा सकती है।




**मेट्रो एंकर**

### सिविल सेवकों को राज्यपाल ने पढ़ाया शुचिता का पाठ

# संवेदनशीलता के साथ करें गरीबों की मदद

भोपाल, दोहपर मेट्रो

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिविल सेवा में चयनित लोकसेवक केन्द्र और राज्य सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों को सफल बनाएं। गरीब, वंचित और समाज के कमजोर वर्गों के प्रति हमेशा संवेदनशील रहें और उनकी मदद आगे बढ़कर करें। विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

राज्यपाल पटेल नर्मदा क्लब के सभागार में संकल्प संस्थान से चयनित सिविल सेवकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी सफल प्रतिभागियों को सफलता की शुभकामनाएं दी। राज्यपाल पटेल ने संकल्प संस्थान के गुरूजन, मार्गदर्शक और सफल प्रतिभागियों को मंच से सम्मानित



किया। प्रतिभावान छात्रों को निखारने और सफल बनाने के प्रयासों के लिए संस्थान की सराहना की। राज्यपाल पटेल ने कहा कि ऋग्वेद के अनुसार ज्ञानी लोग अज्ञानियों को भी ज्ञानवान बनाते हैं, अर्थात शिक्षा की उपयोगिता अशिक्षितों को भी शिक्षित बनाने में ही है। शिक्षा ही वह माध्यम है जो परिवार और समाज में बदलाव लाती है। राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों को बंधन मुक्त शिक्षा का अवसर देकर, नए भारत के निर्माण का संकल्प दिया है। विश्वगुरू भारत और नए विश्व के निर्माण के लिए जरूरी है कि युवा हमेशा नए सपने देंखे और बड़े सपने देंखे। राज्यपाल पटेल ने कहा कि संस्थान, प्रदेश के गरीब और वंचित वर्ग के प्रतिभागियों को संस्थान की विशेषज्ञता से लाभान्वित करने का विशेष प्रयास करें। दूरस्थ और ग्रामीण अंचल के युवाओं को तलाशने और तराशने के लिए का काम करें। उन्हें आगे बढ़ने प्रेरित और प्रोत्साहित करें। संस्थान, ऐसी व्यवस्था बनाने का चिंतन करें जो दूर-दराज के क्षेत्रों, जरूरतमंदों और प्रतिभावान बच्चों तक शिक्षा की पहुंच बढ़ाने में मददगार हो। उन्होंने कहा कि संस्थान समाज और राष्ट्र उत्थान से जुड़े सामाजिक सरोकारों में आगे बढ़कर हिस्सा लें।

## संपादकीय

# महंगाई के घटते आंकड़े व हकीकत

देश में तमाम दावों व आंकड़ों के बावजूद यह सच है कि कई वर्षों से आम आदमी महंगाई से बेहाल है। उसकी क्रय शक्ति काफी हद तक प्रभावित हुई है। मगर अब यह स्थिति बदल सकती है क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीतियों में फेरबदल कर महंगाई को काबू में करने के जो उपाय करता रहा है, उसका थोड़ा असर तो दिखाई देने लगा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर बीती जुलाई में घटकर 1.55 फीसद रह गई। यह पिछले आठ साल में सबसे कम है। मगर गौरतलब है कि जून 2017 में जो महंगाई दर दर्ज की गई थी, उस समय यह आंकड़ा 1.46 फीसद था। खुदरा महंगाई में गिरावट आम लोगों के लिए बड़ी राहत है। उम्मीद की जा सकती है कि हमारी अर्थव्यवस्था पर भी इसका बेहतर प्रभाव पड़ेगा। मगर सवाल यह है कि क्या भविष्य में भी महंगाई काबू में रहेगी। जाहिर है इस पर निरंतर नजर रखने की जरूरत होगी। फिलहाल मानसून के दौरान अधिक बारिश, जलाशयों में पर्याप्त जल स्तर और खरीफ की अच्छी बुवाई से कृषि पैदावार बेहतर होने से खाद्य पदार्थों की कीमतों में स्थिरता की उम्मीद की जा सकती है। मगर इस समय खाद्य तेलों के बार-बार बढ़ते मूल्यों पर भी अंकुश लगाने की जरूरत भी साफ नजर आती है। इनके दाम पिछले महीने भी बढ़े हैं। कोई दो राय नहीं कि आम नागरिकों का जीवन सुधारने और उनकी क्रय शक्ति बनाए रखने के लिए महंगाई पर स्थायी नियंत्रण होना चाहिए। मुद्रास्फीति में नरमी आंकड़ों में नहीं, बाजारों में दिखनी चाहिए ताकि लोगों को लगे कि उपभोक्ता वस्तुओं और खाद्य पदार्थों के दाम वास्तव में घटे हैं। अनुमान लगाया जा सकता है कि खुदरा महंगाई में नरमी को देखते हुए रिजर्व बैंक की मौद्रिक समिति अपनी अगली समीक्षा बैठक में रेपो दर यथावत रख सकती है, लेकिन यह भी तय है कि मौद्रिक नीति का रुख इस बात पर भी निर्भर करेगा कि महंगाई किसी दिशा में जाती है। मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के बीच सजग रहना होगा। अमेरिका के टैरिफ वाला हठ भी बहुत हद तक कारोबार व रोजगार पर असर डाल सकता है। सरकार स्वदेश का राग इसीलिये लगातार तेज कर रही है। बावजूद जरूरी है कि लोगों के पास बाजार में जाने व खरीदारी के लिए जेबों में पैसा बचे। खुदरा महंगाई घटने का सकारात्मक असर लोगों के जीवन पर तभी साफ नजर आ सकता है जब बाजार में वस्तुओं के दाम में भी नरमी नजर आए। अभी होता यह है कि आंकडे तो बहुत सारी बानगी पेश कर देते हैं लेकिन बाजार की स्थिति उलट होती है। लोगों की कमाई उस अनुपान में नहीं बढती है जिस अनुपात में पिछले समय में महंगाई बढी है। वैसे भी देश में कोरोना के लगभग दो साल के डरावना और थमे हुए दौर के बाद अभी तक लोग उस झटके से उबरे नहीं हैं उस वक्त में नौकरी रोजगार वेतन कटौती जैसे कई हालात थोडे सुधरे जरूर हैं लेकिन मध्यमवर्गीय परिवार पूरी तरह चिंतामुक्त अभी तक नहीं हो सके हैं। जहां तक बाजार की बात है तो बाजार में अनाज से लेकर सब्जी,दूध,अंडों से लेकर कपडों और अन्य उपयोगी सामग्रियों की चीजों के दाम या तो बढते रहते हैं या यथावात रहते हैं, रेस्टॉरेंट्स, पेट्रोल डीजल के दाम आदि भी कम नहीं हो रहे हैं। लिहाजा आम दैनिक उपभोग की चीजें यदि सस्ती होती हैं तभी माना जा सकता है कि महंगाई से लोगों को राहत मिली है।

**अपनी परिस्थितियों पर विचार न करनेवाला व्यक्ति मूर्ख होता है।**
**- अमृतलाल नागर**

## कविता

### किया चोरी वोट !



- कृष्णेन्द्र राय

मामला गरमाया ।
किया चोरी वोट ।।
रोज रोज बोल रहे ।
लग रही पर चोट ?
सभी दल बराबर ।
पक्ष ना विपक्ष ।।
ना कोई अनदेखी ।
और न पश्न यक्ष ।
है कोई यदि दिक्कत ।
भेंजे फौरन पत्र ।।
रहेंगे उपस्थित ।
हैं हम भी सर्वत्र ।।
ना फैलाएं भ्रम ।
ठीक नहीं ये चाल ।।
वरना यूं ही करना होगा ।
दशकों अभी कमाल ।।

## आज का इतिहास

- 1800 - लार्ड वेलेजली के द्वारा कलकत्ता में फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना।
- 1868 - फ्रांस के खगोलविद पियरे जेनसीन ने हिलियम की खोज की।
- 1891 - कैरेबियाई द्वीप मार्टिनीक्यु में चक्रवाती तूफान से 700 की मौत।
- 1949 - हंगरी ने संविधान अंगीकार किया।
- 1945 - सुकर्णो ने इंडोनेशिया के प्रथम राष्ट्रपति के तौर कामकाज शुरू की।
- 1951 - पश्चिम बंगाल के खड़गपुर में भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान की स्थापना।
- 1963 - अमेरिका में जेम्स मेरीडिथ मिसिसीपी विवि से स्नातक करने वाला पहला अश्वेत व्यक्ति।
- 1982 - सोवियत संघ द्वारा एक महिला अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष स्टेशन सेल्युत-7 के लिए भेजी गई।
- 1999 - तुर्की में भूकम्प से लगभग 45000 लोगों की मौत।
- 2000 - इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराकर दो दिन में टेस्ट जीतने का इतिहास रचा।
- 2006 - बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एच.एम. इरशाद को विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में बरी किया।
- 2007 - विवादास्पद ब्रिटिश गायिका लिली एलेन के अमेरिका में घुसने पर प्रतिबंध लगा।
- 2008 - उत्तर प्रदेश में मायावती सरकार ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू करने की घोषणा की।
- 2008 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने महाभियोग की आशंका के बीच इस्तीफा दिया।
- 2012 - नाटो के हवाई हमले में अफगानिस्तान के कम से कम 13 आतंकवादियों की मौत।
- 1985 - गीतिका जाखड़ - भारत की प्रसिद्ध महिला पहलवान हैं।
- 1959 - निर्मला सीतारमण - भारतीय जनता पार्टी की प्रसिद्ध महिला नेत्री हैं।

# संघ से संबंधों पर भड़कने से पहले राहुल गांधी कांग्रेस का रिकॉर्ड क्यों नहीं पढ़ते ?

**■ आलोक मेहता**



स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष का उल्लेख करते हुए संगठन की राष्ट्र सेवा की सराहना करते हुए उल्लेख किया। साथ ही भारत के महापुरुषों और बलिदान देने वालों का स्मरण करते हुए डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी को विनम्र श्रद्धांजलि भी दी। इस बात पर कांग्रेस और इस समय लोक सभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विरोध व्यक्त करते हुए अनर्गल आरोप लगा दिए। यह तो सड़क का विरोध है , लेकिंन इससे पहले उनके पास इस बात का क्या जवाब है कि स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर वह अपने पूर्वजों और लोकतांत्रिक की परम्परा के अनुसार लाल किले के समारोह में क्यों नहीं पहुंचे? गणतंत्र दिवस पर भी वह नहीं दिखे। ये समारोह किसी पार्टी का नहीं होता है। फिर राहुल गाँधी ने कांग्रेस और संघ तथा हिंदुत्व के प्रबल समर्थक नेताओं से रहे रिश्तों और सहायता का कांग्रेस का रिकॉर्ड देखने किसी से समझने का प्रयास क्यों नहीं किया ?

राहुल गांधी को यह जानकारी क्यों नहीं मिली कि भारतीय जनसंघ ( अब भारतीय जनता पार्टी ) के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत के स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्र भारत की राजनीति में महान नेता थे । वे राष्ट्रवादी प्रखर हिन्दू नेता और विद्वान शिक्षाविद थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू की पहली कैबिनेट ( अंतरिम सरकार के बाद स्वतंत्र भारत की पहली मंत्रिपरिषद ) में भी उन्होंने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।15 अगस्त 1947 को जब स्वतंत्र भारत की पहली मंत्रिपरिषद बनी, तो डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उद्योग और आपूर्ति मंत्री बनाया गया।आधुनिक भारत के निर्माण की नींव रखने में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। जम्मू कश्मीर को भारत का अविभाज्य अंग और पूरी तरह भारतीय संविधान के तहत रखने 370 समाप्त करने के लिए जीवन का बलिदान तक किया। फिर नेहरुजी , लालबहादुर शास्त्री , इंदिरा गाँधी , राजीव गाँधी , नरसिंह राव , प्रणव मुखर्जी ने समय समय पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नेताओं से मुलाकातें की , उनका सहयोग लिया। न केवल देश पर संकट और युद्ध के समय ही नहीं बल्कि सत्ता के लिए भी संघ का समर्थन लिया। राजनीतिक पूर्वाग्रहों से संघ पर प्रतिबन्ध लगाए और क़ानूनी आधार पर ही प्रतिबन्ध हटाने पड़े। इसे संयोग कहें या सौभाग्य कि मुझे दिल्ली में 1971 से पत्रकारिता करने के अवसर मिले। 71 से 75 तक मैं हिन्दुस्थान समाचार न्यूज़ एजेंसी का संवाददाता था। तब से लाल किले के समारोह से लेकर संसद की रिपोर्टिंग और सभी तथा दलों संगठनों के शीर्ष नेताओं से मिलता रहा हूँ। हिन्दुस्थान समाचार के प्रमुख संपादक और निदेशक श्री बालेश्वर अग्रवाल , सहयोगी संपादक एन बी लेले और ब्यूरो प्रमुख रामशंकर अग्निहोत्री संघ के प्रमुख प्रचारक रहे थे। इन सबने मुझे अधिकांश कांग्रेस नेताओं से मिलवाया। एजेंसी को कांग्रेस सरकारों से ही समाचार सेवाएं देने के लिए नियमित रूप से फंड मिलता रहा। फिर मैं कांग्रेस समर्थक बिरला परिवार या जैन परिवारों के प्रकाशन संस्थानों हिंदुस्तान टाइम्स और टाइम्स समूह आदि में रहा। इसलिए इंदिरा गाँधी से लेकर नरेंद्र मोदी तक प्रधान मंत्रियों तथा राष्ट्रपतियों या संघ भाजपा या सोशलिस्ट कम्युनिस्ट नेताओं से मिलने बात करने के अवसर मिले और उनकी अंदरूनी राजनीति समझने को समझने के अवसर मिले हैं। इसलिए कह सकता हूँ कि समय समय पर कांग्रेस ने संघ का कितना लाभ उठाया और संघ के नेताओं से कितना संपर्क सम्बन्ध रखा।

राहुल गांधी को नेहरु , इंदिरा गांधी युग की बात पता नहीं हो सकती है , लेकिन कांग्रेस के शीर्ष नेता और उनके बनाए राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के 7 जून 2018 को नागपुर में राष्ट्रीय स्ववयं सेवक संघ के शिविर में शामिल होने की खबर तो मिली होगी । इस अवसर पर प्रणब मुखर्जी ने कहा कि 'राष्ट्रभक्ति ही भारत का मूल तत्व है।' उन्होंने संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार की प्रशंसा करते हुए उन्हें महान देशभक्त बताया।हेडगेवार का नाम लेकर कहा कि वे भारत माता की सेवा में समर्पित थे और उन्होंने युवाओं को संगठित करने का काम किया।उन्होंने आरएसएस मंच से यह संदेश दिया कि विचारधारा अलग हो सकती है, लेकिन देशहित और राष्ट्रीय एकता सर्वोपरि है।



यह कोई नई बात नहीं थी, क्योंकि पूर्व में कई कांग्रेस नेताओं का संघ से संपर्क सम्बन्ध रहा था–जैसे बी. आर. अम्बेडकर ( 1939 ), महात्मा गांधी ( 1934 ), और जयप्रकाश नारायण। महत?मा गांधी ने संघ के शिविर की अनुशासन, जातिवाद का अभाव और सरल जीवनशैली की सराहना की। डॉ. अम्बेडकर ने संघ शिविर में सभी झिझक के बिना समान व्यवहार देखकर प्रशंसा की। जयप्रकाश नारायण ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ को समाज परिवर्तन में सक्षम, देशभक्ति से प्रेरित संगठन बताया था। चीन या पाकिस्तान युद्ध के संकट काल या प्राकृतिक विपदा भूकंप , बाढ़ आदि में संघ के नेताओं स्वयंसेवकों का सहयोग लेने , पूर्वोत्तर राज्यों में विदेशी ताकतों से बचाव के लिए हिन्दू हिंदी को बढ़ाने के लिए कांग्रेस सरकारें सहायता लेती रही हैं।

राहुल गांधी आजकल बाल ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन पर बहुत आश्रित हो रहे हैं। श्याद उन्हें ठाकरे परिवार के कट्टर हिंदूवादी विचारों और बाबरी मस्जिद गिराने का श्रेय लेने के दावों की जानकारी नहीं है यया जानकर अनजान है , क्योंकि सत्ता के लिए सब जायज है। बाल ठाकरे ने इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल का खुलकर विरोध नहीं किया।उस समय शिवसेना कांग्रेस सरकार के साथ नरम रुख रखती थी। विपक्ष के कई नेता जेल में थे, पर ठाकरे और उनकी पार्टी पर कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। इसीलिए उन्हें उस दौर में ÷सत्ता समर्थक÷ माना गया।1980 के दशक में भी शिवसेना और कांग्रेस ( इंदिरा गांधी और बाद में संजय गांधी गुट ) के बीच स्थानीय स्तर पर समझौते हुए ताकि मराठी मानुस और हिन्दुत्व के एजेंडे को राजनीतिक लाभ मिल सके। इंदिरा गांधी और बाल ठाकरे के बीच सीधा संवाद और संबंध थे। इंदिरा गांधी ठाकरे को कभी-कभी समर्थन भी देती थीं क्योंकि शिवसेना वामपंथी और कम्युनिस्ट ट्रेड यूनियनों के खिलाफ लड़ रही थी, जो उस समय कांग्रेस के लिए भी चुनौती थे। शिवसेना और आर.एस.एस. दोनों की विचारधारा हिंदुत्व पर आधारित थी।ठाकरे शुरू से हिन्दू पहचान की राजनीति करते रहे और उन्होंने खुलकर कहा कि ÷मैं हिंदुत्ववादी हूँ। 1980 के दशक में, बाल ठाकरे और शिवसेना ने भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन किया।1990 के दशक तक यह संबंध मजबूत हुआ और मुंबई नगर निगम व महाराष्ट्र विधानसभा में बीजेपी-शिवसेना की साझेदारी ऋस्स्की छत्रछाया में और गहरी हो गई। बाल ठाकरे कहते थे = ÷मैं गर्व से कहता हूँ कि मैं हिंदू हूँ और हिंदुत्व की राजनीति करता हूँ।÷उन्होंने कहा था कि यदि हिंदुत्व पर हमला हुआ, तो शिवसेना तलवार की तरह खड़ी होगी 1980 के दशक में धीरे-धीरे शिवसेना का मुख्य एजेंडा हिंदुत्व और मुस्लिम तुष्टिकरण का विरोध बन गया।1989-90 के बाद उन्होंने बीजेपी और आरएसएस के साथ मिलकर खुलकर राम मंदिर आंदोलन का समर्थन किया। बाबरी मस्जिद विध्वंस ( 6 दिसम्बर 1992 ) पर बाल ठाकरे ने खुलेआम दावा किया कि बाबरी विध्वंस में शिवसैनिकों का हाथ था।उनका बयान था–÷अगर मेरे शिवसैनिकों ने बाबरी मस्जिद तोड़ी है, तो मुझे इस पर गर्व है।÷ ठाकरे ने यहाँ तक कहा–÷अगर वहां शिवसैनिक न होते तो बाबरी ढांचा खड़ा रहता ? इस पृष्ठभूमि में राहुल गांधी और उनके अध्यक्ष खरगे सारे रंग ढंग परंपरा और विचार भूलकर केवल लालू यादव तेजस्वी यादव की जातिगत राजनीति या विदेशी ताकतों के जाल में फंसकर सभी संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता ख़त्म करने की कोशिश क्यों कर रहे हैं ?

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

# भारत विभाजन तत्कालिक आवेश से नहीं, सुनियोजित साजिश के तहत हुआ

**■ डॉ राघवेंद्र शर्मा**

भारत के विभाजन की भूमिका तभी बन चुकी थी, जब आजादी से पूर्व कांग्रेस द्वारा यह कहा गया कि जब तक स्वतंत्रता संग्राम में मुसलमान का सहयोग नहीं मिलेगा, तब तक आजादी संभव नहीं। दरअसल यही वह सोच है जिसने एक विध्वंसकारी योजना को बाद में फलीभूत किया और भारत आजाद होने से पहले ही दो हिस्सों में विभाजित हो गया। आखिर तो मुसलमान इसी देश का नागरिक था और है भी। भारत को आजादी दिलाने की तड़प जितनी हिंदुओं में थी, स्वाभाविक है उतनी ही मुसलमानों के मन में भी रही होगी?। जाहिर है, जब दो भाइयों के,साझा घर पर हमला हुआ था तो उन्हें स्वाभाविक रूप से एक साथ दुश्मनों से लोहा लेना ही था। लेकिन कांग्रेस के नेताओं द्वारा यह संदेह प्रकट किया जाना कि यदि भारत की आजादी सुनिश्चित करनी है तो मुसलमान को इसके लिए मनाना होगा ! तो क्या कांग्रेस यह मान चुकी थी कि देश का तत्कालीन मुसलमान भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ने को तैयार नहीं था? और वह वतन से गद्दारी कर रहा था ! इससे स्पष्ट हो जाता है कि भारत का विभाजन तत्कालीन भावावेश का परिणाम नहीं था, बल्कि यह एक सोची समझी सुनियोजित साजिश का हिस्सा था। वह साजिश जिसे साकार करने के लिए एक विदेशी व्यक्ति ने कांग्रेस की नींव रखी। यह भी काबिले गौर है कि बड़े ही आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस को और कांग्रेस में भी खासकर नेहरू परिवार को देश की आजादी का श्रेय मिलता चला गया। जबकि आजादी के लिए फांसी के फंदों पर झूल गए, अंग्रेजों द्वारा गोलियों से भून दिए गए, युद्ध के मैदान में अंग्रेजों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए हजारों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को एक प्रकार से पूरी तरह भुला दिया गया। संदेह इसलिए भी गहरा है, क्योंकि भारत को आजाद करने के लिए उस



वर्ग के व्यक्ति द्वारा कांग्रेस का गठन किया गया जो तत्कालीन सत्ता धारी अंग्रेजों की जमात से ही आता था। शोध का विषय है कि एक अंग्रेज को ऐसी क्या पड़ी थी, जो उसने एक ऐसे संगठन की रचना कर डाली जो उसी के समाज और वर्ग के खिलाफ लड़ाई लड़ने जा रहा था। जाहिर है यह एक साजिश थी, जिसके तहत अंग्रेजों द्वारा यह साबित किया जाना था कि वे लोग रानी लक्ष्मीबाई, सरदार भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, वीर सावरकर या सुभाष चंद्र बोस आदि की आक्रामकता से डर कर नहीं भाग रहे, बल्कि गोरों का मन कांग्रेस के अहिंसक आंदोलन से पसीज गया, इसलिए त्याग स्वरूप राज पाट छोड़कर वापस इंग्लैंड लौट गए। लेकिन भारत पर राजपाट करना केवल हमें आता है, यह साबित करने के लिए आजादी के ठीक पहले विभाजन की लकीर खींचकर अराजकता के हालात निर्मित किए गए। विश्व स्तर पर यह संदेश पहुंचाने के लिए ही देश के विभाजन की तैयारियां उसकी आजादी से पहले पूरी कर दी गईं। इससे यह बात पुनः एक बार पुष्ट हुई कि आजादी में मुसलमान के अनिवार्य सहयोग की भेदभावपूर्ण बात ऐसे ही नहीं कही गई थी। बल्कि पूरी तरह सोच समझकर अवसरवादी मुसलमान नेताओं की सोई हुई महत्वाकांक्षाओं को जगाया गया था। क्योंकि तत्समय कुछ पद लोलुप मुस्लिम नेताओं का यह तर्क था कि अंग्रेजों ने जब भारत में कब्जा जमाया तब भारत की बादशाहत दिल्ली के बादशाह बहादुर शाह जफर के पास थी। अतः अंग्रेजों को इंग्लैंड जाने से पहले सरकार मुगलों के वंशजों के हवाले करनी चाहिए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो मुस्लिम मजहब के नाम पर एक अलग देश की मांग करेंगे। वही हुआ, जब आजादी की बेला आई तो मुस्लिम लीग की ओर से दावा पेश हो गया। दावा यह कि आजादी हमारे सहयोग के बगैर संभव ही नहीं थी। अतः देश का प्रधानमंत्री हमें ( मोहम्मद अली जिन्ना को ) बनाया जाए वरना हमें हमारे मजहब के हिसाब से अलग मुल्क दे दिया जाए। येन-केन प्रकारेण सरकार पर कब्जा जमाने की जद्दोजहद में उलझी कांग्रेस द्वारा यह मांग मान लिए जाने से हालात कुछ ऐसे बिगड़े कि भारत आजाद बाद में हुआ, उसके टुकड़े पहले कर दिए गए। नतीजतन अखंड भारत में अफरा तफरी मच गई। आजादी की खुशी काफूर हो गई। अवसरवादी और विभाजनकारी नेताओं के इशारे पर एक वर्ग के लोग खून के प्यासे होते चले गए। तत्समय ही अस्तित्व में आई सीमा रेखा के उस पार से ट्रेनों में भर भर कर लाशों के ढेर आते दिखाई देते थे। शवों की अधिकता इतनी थी कि उनका विधि विधान अनुसार अंतिम संस्कार करना भी संभव नहीं दिखता था। लेकिन दोनों तरफ के तत्कालिक नेतागण सरकार बनाने की तैयारियों में मशगूल बने रहे। तत्समय विभाजन केवल जमीनों का नहीं, जीवन, मंदिर, परिवार संस्कृति और सभ्यता का भी हुआ। धार्मिक आधार पर हिंदुओं के नरसंहार किए गए। लाहौर से ढाका तक हिंदू बस्तियां उजाड़ दी गईं । महिलाओं संग बलात्कार हुए तथा लाशों से भारी ट्रेनें सरहद पार से खंडित भारत की ओर आती चली गई। पहले आजादी का श्रेय हासिल करने और फिर आजाद भारत की सरकार पर कब्जा जमाने की अति महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षाएं पाले हुए तत्कालीन कांग्रेस एवं मुस्लिम लीग के नेताओं की नाजायज करतूतों का ही परिणाम है कि देश तो विभाजित हुआ ही, आज भी भारतीय परिवेश में इस विभाजनकारी लकीर को अस्तित्व में बनाए रखा गया है। इसी का परिणाम है कि भारत के विभिन्न भागों में आज भी फूट डालो राज करो की नीति पर काम हो रहा है। इसी विभाजन कारी नीति का परिणाम है कि अभी भी लोगों को हिंदू मुसलमान के नाम पर बांटा जाता है। उससे भी जी नहीं भरा तो जात-पांत के नाम पर फसाद खड़े किए जाते हैं। देश के नागरिकों को 14 अगस्त 1947 के विभाजन से सीख लेते हुए एकता का परिचय देने की आवश्यकता है। जरूरत इस बात की भी है कि देर से ही सही, देश के विभाजन की मांग उठाने वालों और सत्ता की खातिर उस मांग को मान लेने वाली ताकतों को पहचाना जाए। ताकि भविष्य में फिर कभी हमें 14 अगस्त जैसे हालातो का सामना न करना पड़ जाए।

**साभार: यह लेखक के अपने विचार हैं।**

### पहले जिस दवा कंपनी के खिलाफ एफआईआर हुई, उस पर कार्रवाई का पता नहीं

# खेतों में पहुंचे शिवराजसिंह बोले -बख्शे नहीं जाएंगे किसानों को घटिया और नकली दवा देकर लूटने वाले

**विदिशा। दोपहर मेट्रो**

केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं सांसद शिवराज सिंह चौहान ने सोयाबीन की बर्बाद फसल का जायजा लिया और नष्ट हुई फसल को देखकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों और वैज्ञानिक दल के साथ खेतों का भ्रमण किया। जहां उन्होंने कीटनाशक दवा उपयोग से खराब हुई फसलों को देखकर स्पष्ट कहा कि हमारी सरकार किसानों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होने देगी। उन्होंने दवा कंपनी से पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाए जाने से संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए।

शिवराज ने पूछा कि विदिशा में दवा कंपनी पर एफआईआर हुई थी, उस पर आगे क्या कार्रवाई हुई है। उनहोंने विधायक मुकेश टंडन को इसका फालोअप करने और आगे कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान ग्राम छीरखेड़ा के किसान भगवान सिह लोधी ने शिकायत दर्ज करवाई और एक प्रतिवेदन कृषि महाविद्यालय रायसेन के वैज्ञानिक का प्रस्तुत किया। जिसमे वैज्ञानिक द्वारा दवा का असंतुलित प्रयोग करने का हवाला दिया था। इस पर केंद्रीय कृषि मंत्री भडक गए और उन्होंने उक्त वैज्ञानिक पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रतिवेदन से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दवा कंपनी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने किसी भी सूरत में किसानो को नुकसान न होने की बात कही। एक समिति बनाकर पूरा प्रदेश में एवं देश में जांच की जाएगी। जिस किसान की कीटनाशक के प्रयोग से फसल बर्बाद हुई है, या फिर नकली खाद की वजह से फसल को कोई फायदा नहीं हुआ है, उन सभी कंपनी पर भी कार्रवाई की जाएगी। ,दवा



#### उच्च स्तरीय जांच समिति गठित होगी

चौहान ने कहा कि खेत में सोयाबीन की फसल जलकर नष्ट हो गई है और खेत में सोयाबीन की जगह खरपतवार दिखाई पड़ रही है। किसी कंपनी की दवाई के छिड़काव से यह फसले नष्ट हुई हैं। इसके लिए एक उच्च स्तरीय वैज्ञानिकों का दल खेतों का निरीक्षण करेगा और जिस कंपनी ने ऐसी दवाई छिड़काव के लिए किसानों को दी है, उसके खिलाफ विधि संगत सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों को राहत देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे और यह कंपनी की भी जिम्मेदारी है। इसलिए उच्च स्तरीय दल खेतों की जांच करेगा और किसानों को न्याय दिलाया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में ऐसी कंपनियों के खिलाफ एक अभियान शुरू होगा जो घटिया नकली और खतरनाक दवाइयां विक्रय करते हैं। बताया गया कि दिल्ली की कीटनाशक दवा निर्माता कंपनी एचपीएम के द्वारा बनाई गई दवा बायोक्लोर निदानाशक दवा बेच नम्बर केई 04 के छिडकाव से फसलो की क्षति होने कि सूचनाएं पूर्व में प्राप्त हो गई थी। इस पर कलेक्टर द्वारा दिए गए निदेर्शो पर जांच भी की गई और दवा निमार्ता कंपनी के खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज कराने की कार्यवाही की गई है।

कंपनियों से किसानों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शीघ्र की जाएगी।

चौहान ने कहा कि स्वदेशी मार्च तिरंगा यात्रा के दौरान इस संबंध में शिकायत मिली थी और फसल बर्बाद भी हुई है। सही स्थिति अपनी आंखों से देखने के लिए यहां आए हैं। उन्होंने पूरे देश के किसानों से अपील की है कि जिस भी किसान को इस प्रकार की परेशानी है और नुक्सान हुआ है तो बह हम तक शिकायत पहुंचाएं, कारवाही करेंगे और इसके लिए एक नंबर भी जारी करेंगे। शिकायत मिलने के बाद उसकी जांच होगी। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित कंपनी पर कार्रवाई की जाएगी। किसी कंपनी को छोड़ा नहीं जाएगा

## आखिकार नगर निगम ने शुरू की सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशियों की धरपकड़

**सागर।** नगर निगम द्वारा शहर के मुख्य मार्गों से आवारा पशुओं को पकड़ने एवं यातायात में बाधक अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू कर दिया है। नगर निगम द्वारा यातायात में बाधक बन रहे अतिक्रमण को हटाने एवं शहर के मुख्य मार्गों पर आवारा विचरण करने वाले पशुओं को पकड़कर कांजी हाउस एवं गौशाला में बंद कराने का अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत जिन पशु मालिकों द्वारा अपने पालतू पशुओं को सड़कों पर विचरण करने के लिए छोड़ दिया जाता है ऐसे पशु मालिकों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बताया कि अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण टीम द्वारा पशु मालिकों को समझाइश दी गई कि अपने पालतू पशुओं को घर पर बांधकर रखें अगर सड़क पर पशुओं के विचरण करने पर मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बैतूल पुलिस को मिले 24 डायल-112 वाहन, इमरजेंसी में मिलेगी तुरंत मदद




**बैतूल।** लोगों की सुरक्षा एवं उन्हें त्वरित सहायता सुनिश्चित करने के लिए बैतूल पुलिस को एक बड़ी सुविधा मिली है। जिले को 24 नए एफआरवी (डायल-112) वाहन प्राप्त हुए हैं। अब तक बैतूल जिले में मात्र 20 वाहन उपलब्ध थे, जिससे आपात स्थितियों में सीमित संसाधनों के कारण दिक़्क़त आती थी। लेकिन नए वाहनों की प्राप्ति से पुलिस की प्रतिक्रिया क्षमता और सेवा का दायरा बढ़ जाएगा। इन वाहनों की तैनाती के बाद सड़क दुर्घटना, अपराध की सूचना, आगजनी, महिला सुरक्षा संबंधी घटनाएँ या किसी अन्य आकस्मिक स्थिति में डायल 112 नंबर पर कॉल करते ही पुलिस और अधिक तेजी से घटनास्थल तक पहुंचेगी। आधुनिक वाहन नवीनतम तकनीकी सुविधाओं से लैस हैं, जिनमें ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस एवं आधुनिक संचार उपकरण, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), सायरन व पब्लिक एड्रेस सिस्टम, उच्च गति और सुरक्षित डिजाइन शामिल हैं जिससे समय पर घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल एन. झारिया ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अब जिले की जनता को डायल-100 की बजाय डायल-112 नंबर का उपयोग करना होगा। किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस तुरंत सहायता के लिए उपस्थित होगी। आकस्मिक परिस्थितियों में तुरंत 112 पर कॉल करें।

## सूने घर से सोने के गहने एवं नकदी चुराने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**राजगढ़।** मलावर थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सूने घर से सोने के गहने, गेहूं व नकदी चोरी के मामले में महज कुछ ही घंटों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे स चोरी का माल जब्त किया गया। थानाप्रभारी देवेन्द्रसिंह राजपूत ने बताया कि 16 अगस्त को ग्राम जामी निवासी भागीरथ (65) पुत्र धूलजी मेहर ने शिकायत दर्ज की। वह 5 अगस्त को पत्नी कैलाशबाई के साथ बेटी आशाबाई की ससुराल ग्राम बारोद गया था, 10 अगस्त को घर लौटने पर देखा तो टंकी में एक क्विंटल गेहूं कम था वहीं टंकी में कपड़े में बंधे सोने के दो कुंडल और पॉलीथिन में रखे एक हजार रुपए नकद नही मिले, जिनकी कुल कीमत 73 हजार रुपए है। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अफसरों के मार्गदर्शन में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर महज कुछ ही घंटों में आरोपित पवन (24) पुत्र अमरसिंह मेहर, राजू (37)पुत्र भागीरथप्रसाद शर्मा, विजय (45)पुत्र रमेश सोनी और बबलू पुत्र अमित भारती निवासी टुआखेड़ी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से माल बरामद किया। कार्रवाई के दौरान थानाप्रभारी देवेन्द्रसिंह राजपूत, एएसआई मनोहर साहू, प्रआर.देवीसिंह, विनोद यादव, रोड़ेलाल, आर.दीपक, शुभम, आदेश, सैनिक राहुल शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

**हाईवे पर दूध से भरा टैंकर पलटा**

# पांच गायों की मौत, दूध लूटने में व्यस्त रहे लोग

**अमित श्रीवास्तव। औबेदुल्लागंज**

नेशनल हाईवे-45 पर औबेदुल्लागंज बाईपास स्थित वाइन शॉप के सामने आज सुबह एक दूध से भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में सड़क पर बैठी पांच गायें मौके पर ही कुचलकर मर गईं। घटना के बाद जहां सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना, वहीं लोगों की संवेदनहीनता भी खुलकर सामने आई।

**हादसे का मंजर:** टैंकर के पलटते ही दूध सड़क पर बिखर गया और टैंकर के टैंक से रिसने लगा। मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। परंतु मृत पड़ी गायों की ओर ध्यान देने और उन्हें हटाने की बजाय लोग दूध भरने की होड़ में लग गए। कई लोग कैन, बाल्टी और बर्तन लेकर दूध निकालते नजर आए। यह दृश्य देखकर आसपास मौजूद गोसेवकों में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया।गोसेवकों का कहना है कि गौशाला और गौ-सुरक्षा के नाम पर समाज कभी सहयोग के लिए आगे नहीं आता। सरकार खुद को गौपालकों की सरकार कहती है लेकिन आज की घटना ने उनकी संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है। उनका आरोप है कि हादसे के बाद ना तो गौ-एंबुलेंस मौके पर पहुंची और ना ही नगर परिषद का अमला। मृत गायों के शव घंटों तक सड़क पर बिखरे पड़े रहे।



#### प्रशासन की लापरवाही

पुलिस ने किसी तरह क्रेन बुलाकर पलटे हुए टैंकर को हटवाया और यातायात को सुचारु किया, लेकिन इस दौरान गायों के शव सड़क पर पड़े-पड़े सड़कों की दुर्दशा और प्रशासन की लापरवाही का परिचय देते रहे। लोगों के दूध लूटने के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

#### सरकार के वादों पर सवाल

इस हादसे ने एक बार फिर गौ-संवर्धन और संरक्षण को लेकर सरकार के दावों की पोल खोल दी है। ना समय पर मदद मिली, ना ही दुर्घटना के बाद मृत गौमाताओं को सम्मानजनक तरीके से हटाया जा सका। समाज और सरकार दोनों की संवेदनहीनता इस पूरे घटनाक्रम में साफ दिखाई दी।

## 10 जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी

**भोपाल।** प्रदेश में बीते कुछ दिनों से बारिश का दौर जारी है। लो प्रेशर एरिया एक्टिव होने की वजह से मानसून फिर से लौट आया है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 14 जिलों में आज तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 4 जिले- देवास, हरदा, खंडवा और बुरहानपुर में 24 घंटे के अंदर अति भारी बारिश हो सकती है। वहीं, इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर, संभाग के अन्य 10 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। अगले तीन दिन यहां सिस्टम की एक्टिविटी देखने को मिलेगी। पश्चिम-दक्षिण हिस्से से मानसून ट्रफ गुजर रही है। वहीं, लो प्रेशर एरिया (कम दवाब का क्षेत्र) भी एक्टिव है। अगले दो से तीन दिन तक इसका असर भी देखने को मिल सकता है। इसलिए अगले 3 दिन तक तेज बारिश का अनुमान है।

## रामलला सरकार के दरबार में हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता, बच्चों ने लिया भाग



**सिरोंज।** शहर में अनेक स्थानों पर मटकी फोड़ उत्सव का आयोजन किया गया। प्राचीन रामलला सरकार के दरबार में बच्चों के लिए मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें समिति द्वारा रस्सी से बंधी मटकी को ऊपर नीचे किया जा रहा था। बच्चे भी बड़े ही उत्साह के साथ मटकी फोड़ने का प्रयास करते दिखाई दिए। निरंतर प्रयास के बाद बच्चों के समूह ने इस मटकी को फोड़ने में सफलता हासिल की।

**पुलिस पड़ताल में जुटी**

## पांच दिन से लापता व्यक्ति का नाले में मिला शव

**राजगढ़।** जिले में सुठालिया थाना क्षेत्र के ग्राम सेमलापार में पुलिया के समीप नाले में 45 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला, जो पिछले पांच दिनों से घर से गायब था और थाने में गुमशुदगी दर्ज की गई थी। पुलिस के अनुसार ग्राम सेमलापार में पुलिया के समीप नाले में 45 वर्षीय अमरचंद लोधा का शव मिला, जो पिछले पांच दिनों से गायब था, मामले में परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया। बताया गया है कि अमरचंद ग्राम बगवाज में खेती साथ ही वाहनों की खरीदी-बिक्री भी करता था। व्यक्ति की मौत किन हालातों में हुई,इसका वास्तविक पता नही लग सका।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरु की।

# विदिशा में अग्निवीर भर्ती रैली 20 को, युवाओं को देशसेवा का मौका

**विदिशा। दोपहर मेट्रो**

जिले में 30 अगस्त से शुरू होने वाली आर्मी भर्ती रैली आयोजन को लेकर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कार्य सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो इसके लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को पृथक पृथक जबाबदेही सौंपी है। खेल स्टेडियम परिसर में बैठक आयोजित कर विभागीय अधिकारियों द्वारा दायित्वों के क्रियान्वयन के लिए अब संपादित किए गए कार्यों की अघतन स्थितियों का विभागवार अधिकारीवार जायजा लिया है।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में अग्निवीर सेना भर्ती रैली के सफल आयोजन में किसी भी प्रकार की त्रुटि ना हो पाए। विशेष ध्यान रखते हुए क्रियान्वित कार्यों को समय सीमा अवधि से पहले पूरा कराने का सफल प्रयास करें। आर्मी भर्ती रैली में शामिल होने वाले युवाजनों को भर्ती स्थल तक पहुंचने के मार्ग में किसी प्रकार की



बाधा न हो इसके लिए पर्याप्त इंतज़ाम करने को कहा गया है। जिन स्थानों पर रुकवाने की व्यवस्था की गई है ,वहां से भर्ती स्थल खेल स्टेडियम तक पहुंचाने के लिए जिला परिवहन अधिकारी को वाहनों की सुविधा मुहैया करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं आने जाने वाले मार्गों पर संकेतक चिन्ह अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे ताकि बाहर से आने वाले युवाजन व अन्य को किसी प्रकार के व्यवधानों से परेशान ना होना पड़े।

#### दो स्थलों पर की गई हैं तमाम बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति

रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर सूचनाएं संप्रेषित करने के विशेष प्रबन्ध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। रेलवे स्टेशन पर युवाओं को बैठने की व्यवस्था क्रियान्वित करने, एनाउंसमेंट तथा किस स्थान पर कौन से जिले के आवेदकों को रूकवाने की व्यवस्था की गई है, की जानकारी सुगमता मिल सकेगी। सेना भर्ती रैली में शामिल होने वाले जिलो से आने वाले युवाओं के लिए जिले के दो स्थलों पर तमाम बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति की गई है। जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम के पास बनाए गए सुविधा युक्त कम्युनिटी हाल तथा जैन कालेज परिसर में आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित नवनिर्मित महाविद्यालयीन बालक छात्रावास में होंगे।

**मेट्रो एंकर**

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद रविवार को भी रहा नंदोत्सव का उल्लास

# फूलों के बंगले में विराजे ठाकुरजी, दर्शन के लिए कतार में लगे रहे श्रद्धालु

**शोभित शर्मा। सिरोंज**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद भी शहर में नंदोत्सव की धूम दिखाई देती रही। जन्माष्टमी की मध्यरात्रि से शुरू हुआ यशोदानंदन के जयकारों का सिलसिला रविवार देर शाम तक बना रहा। इस दौरान दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही । भक्तों ने अपने ठाकुर जी को भावविभोर होकर एवं कतार में लगकर निहारा। सभी मंदिरों में मध्यरात्रि में कन्हैया की जन्म आरती के बाद नंदोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई थी, जो सुबह तक चलती रही। सुबह ठाकुर जी और राधारानी की आरती के बाद दर्शनों का क्रम शुरू हुआ और शाम तक चलता रहा। अधिकांश मंदिरों में ठाकुर जी के दरबार को रंगबिरंगे फूलों से सजाया गया था। कहीं पर रंगोली से सजावट की गई तो कुछ मंदिरों में गुब्बारों से परिसर को सजाया गया था। कान्हा के जयकारों के साथ ही ही मंदिरों में दही, पंजरी और राजगिरा की प्रसादी का वितरण भी किया जा रहा था।



शाम होते ही मंदिरों में ग्वाल चबैनी का वितरण भी शुरू हो गया। अधिकांश मंदिरों में ग्वाल चबैनी के रूप में तले हुए काबली चने का प्रसाद बांटा गया। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर चने के साथ ही बुंदी, ककड़ी और भुट्टे का प्रसाद भी बांटा गया। भक्तों ने लंबी कतार में लगकर ग्वालचबैनी का यह प्रसाद प्राप्त किया। अलीगंज स्थित गर्भ हनुमान मंदिर, मसानिया स्थित प्राचीन रामजानकरी मंदिर और भोपाल रोड पर जटाशंकर परिसर में स्थित बिहारी जी मंदिर में शाम होते ही ग्वाल चबैनी का प्रसाद लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

#### झूलों पर विराजित हुए नंदलाल

उत्सव के लिए शहर के मध्य में स्थित प्रतिष्ठित मदनमोहन सरकार के दरबार में फूलों का बंगला सजाया गया था। अनेक तरह के फूलों से सजे दरबार की छंटा देखते ही बन रही थी। अग्रवाद्यल समाज की सेवा वाले प्राचीन गिरधारी जी मंदिर, रघुनाथ जी मंदिर, विधायक उमाकांत शर्मा के निवास पर स्थित कृष्ण मंदिर, प्राचीन गणेश मंदिर, नामदेव समाज के बृजराज मंदिर, कल्याणराव जी मंदिर, भूतेश्वर महादेव मंदिर, देवचतुर्भुज राज मंदिर, छिपेटी बाजार में द्वारिकाधीश मंदिर, चौरसिया समाज के रामजानकी रासबिहारी मंदिर, सोमनाथ मंदिर, नेमा समाज के भगवान लक्ष्मीनारायण मंदिर, साहू समाज के बिहारी जी मंदिर, छतरी चौराहा पर हनुमान मंदिर तथा पटवा टोला स्थित चिंतामन हनुमार मंदिर में विशेष सजावट की गई थी।

#### छात्राओं ने किया समूह नृत्य



**सिरोंज।** भूतेश्वर पथ स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में रविवार को नंदोत्सव मनाया गया। उत्सव के दौरान स्कूल परिसर में अनेक झांकियां सजाई गईं थीं। जिनमें बच्चे ही भगवान के स्वरूप में सजे दिखाई दिए। इसमें रामायण, महाभारत और कृष्णलीला से प्रसंगों पर आधारित झांकी थी। स्कूल छात्राओं के समूह ने मनभावन नृत्य की प्रस्तुति भी दी। इसके साथ ही एक झांकी में जीवन में पढ़ाई का महत्व भी बताया गया। प्रधानाध्यापक राकेश कुशवाह ने बताया कि छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के सहयोग से हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है। जिसमें अधिकांश झांकिया धार्मिक प्रसंगों पर ही आधारित होती है।

## 400 लीटर अंग्रेजी व देशी शराब जब्त, प्रकरण दर्ज

**राजगढ़।** जिले के देहात ब्यावरा थाना,शहर ब्यावरा थाना और करनवास ठाणे की संयुक्त पुलिस टीम ने रविवार को हाइवे स्थित ग्राम कटारियाखेड़ी में अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश देकर 400 लीटर अवैध अंग्रेजी व देशी शराब जब्त की, जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई गई है।पुलिस ने तीन महिलाएं सहित चार आरोपितों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरु की। एसडीओपी ब्यावरा प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में गठित संयुक्त पुलिस टीम ने ग्राम कटारियाखेड़ी में अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश दी।कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम ने आरोपित देवीबाई कंजर के टपरे से आठ पेटी देशी मसाला शराब, 90 कैन पावर बीयर, नानीबाई एवं अन्नोबाई कंजर के मकान से 140 लीटर हाथभट्टी कच्ची शराब,शेखर उर्फ चेकर कंजर के घर से 14 पेटी देशी प्लेन मदिरा, एक पेटी अंग्रेजी शराब और 23 क्वार्टर मैजिक मोमेंट्स के जब्त किए। कार्रवाई में कुल 200 लीटर देशी मदिरा, 170 लीटर हाथ भट्टी की शराब,एक पेटी एमडी रम,23 क्वार्टर मैजिक मोमेंट्स के जब्त किए,जिसकी कीमत लाखों रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की।

### कुपोषण का दंश: बच्चों की पहचान के लिए तौला जा रहा है उनका वजन

# सरकारी दावों की खुलती पोल, दतिया में मिले 400 अति कुपोषित बच्चे, अस्पताल में 63 भर्ती

**दतिया। दोपहर मेट्रो नेटवर्क**

जिले में चार सौ से अधिक बच्चे अतिकुपोषित होने का दंश झेल रहे है। सबसे अधिक अतिकुपोषित 163 बच्चे जिले के भांडेर में मिले है। वहीं दूसरी ओर अतिकुपोषित और मध्यमकुपोषित बच्चों को चिन्हित करने के लिए उनका वजन तौला जा रहा है। अभी हाल ही में 24 हजार बच्चों का वजन आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं ने तौला है। जिसमें से 63 अतिकुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया गया है। शिवपुरी जिले के एक बच्चे की मौत 10 अगस्त को दतिया जिला अस्पताल में होने की वजह से अब महिला एवं बाल विकास विभाग हरकत में आया है। विभाग द्वारा टीमें गठित कर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भेजी जा रही है।



## अस्पताल में क्षमता से ज्यादा बच्चे भर्ती, एक की मौत

जिले में एक कुपोषित बच्चे की मौत के बाद महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमे अब गांव-गांव जाकर अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित करने में जुटी है। हालात यह है कि कई ग्रामों में अभिभावक अपने बच्चों को एनआरसी केंद्रों में भर्ती करने से गुरेज कर रहे है। लेकिन कलेक्टर की सख्ती के बाद टीमें एंबुलेंस और अपने वाहनों से बच्चों को एनआरसी तक पहुंचा रही हैं। जिले के पांच एनआरसी केंद्रों की पलंग की क्षमता 55 है, लेकिन अभी 63 बच्चे भर्ती है ।महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि अगर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों के वजन की तुलाई नहीं करती हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को 20 तारीख तक महिला एवं बाल विकास विभाग को यह संख्या देनी है कि उन्होंने कितने बच्चों का वजन तौला है। 10 दिन के भीतत कार्यकर्ताओं को 63 हजार बच्चों का वजन तौलना है। अगर लक्ष्य से कम बच्चों के वजन की तुलाई कार्यकर्ता करती हैं, तो विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

**बच्चों की मॉनीटरिंग**

### रिपोर्ट: भांडेर में मिले सबसे अधिक 168 कुपोषित बच्चे

विभाग की रिपोर्ट को माने तो भांडेर में सबसे अधिक 168 बच्चे कुपोषित है। वहीं सेंवढ़ा में 24 कुपोषित बच्चों की मॉनीटरिंग विभाग द्वारा की जा रही है। दतिया शहर में 72 और ग्रामीण में 52 कुपोषण के दंश से बच्चे पीड़ित है। उधर इंदरगढ़ में 41 बच्चे कुपोषित पाए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने अप्रैल से लेकर 14 अगस्त तक की रिपोर्ट तैयार की है। महिला एवं बाल विकास विभाग दतिया प्रभारी डीपीओ अरविंद कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिले में 400 अतिकुपोषित बच्चे चिह्नित किए गए हैं। इनकी सतत मॉनीटरिंग की जा रही है। 63 अतिकुपोषित बच्चों को पांच एनआरसी में भर्ती भी कराया गया है।

## एटीएम में पैसे डालने वाली कंपनी के संचालक ने ही कराई थी लाखों की लूट, फिर खुद ही पहुंचा था थाने

**छतरपुर। दोपहर मेट्रो**

जिले में गौरिहार थाना क्षेत्र के ग्राम गहबरा सिचहरी रोड पर एटीएम में कैश भरने वाली हिटैची कंपनी के संचालक मनीष अहिरवार से 15 अगस्त को दिनदहाड़े हुई 61.70 लाख की लूट के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। यह वारदात बदमाशों ने नहीं की थी, बल्कि कंपनी के संचालक मनीष ने ही अपने साथियों से कराई थी। उसने खुद पर बड़े कर्ज को चुकाने के लिए भाई के साथ मिलकर लूट का षडयंत्र रचा था।

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पत्रकार वार्ता में घटना का खुलासा करते हुए बताया कि जब संदेही मनीष के बैंक डिटेल खंगाले गए, बैकग्राउंड भी चेक कर तथ्यों की बारीकी से जांच की गई तो पता चला कि मनीष का पूर्व से इंडिया वन एटीएम फ्रेंचाइजी से 17 लाख रुपये का लेनदेन का विवाद था।, जबकि 53 लाख से ज्यादा कर्ज था, उसे चुकाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से मनीष एवं उसके भाई पुष्पेंद्र अहिरवार ने लूट का षडयंत्र रचा था।



एसपी ने बताया कि घटना के एक दिन पहले विभिन्न क्षेत्र की एटीएम मशीनों में पैसे भरने के लिए महोबा की एक्सिस बैंक से रकम निकाली थी। मनीष 61 लाख से अधिक राशि लेकर कार से कस्टोडियन के साथ एटीएम में पैसे भरने जा रहे थे। मोटरसाइकिल पर सवार प्रदीप एवं रवि ने कार का पीछा करते हुए रुकवाई और कट्टा लगाकर पैसों से भरा बैग लेकर रफू चक्कर हो गए। पुलिस ने महोबा निवासी मनीष कुमार अहिरवार और उसके भाई पुष्पेन्द्र सिंह अहिरवार और रवि अहिरवार को गिरफ्तार किया है। लूटे गए रुपये, 315 बोर का देसी कट्टा, पांच मोबाइल फोन, कार, मोटरसाइकिल की बरामदगी की गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपित प्रदीप अहिरवार पर लूट, चोरी, दुष्कर्म जैसे पांच अपराध पूर्व से दर्ज हैं।

**खुलेआम चल रहे गैरकानूनी धंधे**

## बुरहानपुर में खैराती बाजार बना सट्टा माफिया का अड्डा

**बुरहानपुर। दोपहर मेट्रो**

शहर की दलित बस्ती खैराती बाजार इन दिनों सट्टा कारोबार का गढ़ बन गया है। खुलेआम चल रहे इस गैरकानूनी धंधे ने आम नागरिकों का जीना दूभर कर दिया है। अपराधी प्रवृत्ति के लोग, जो पहले ही कई बार जिला बदर हो चुके हैं, अब बेखौफ होकर इस कारोबार को चला रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सट्टा माफिया पिता - पुत्र इस पूरे नेटवर्क को संचालित करते हैं। दोनों पर पहले भी कई प्रकरण दर्ज हो चुके हैं, और उन्हें जिला बदर किया गया था, लेकिन फिर भी वे खुलेआम घूमते हुए देखे जा सकते हैं। इनकी दबंगई का आलम यह है कि यह खुद को पुलिस से ऊपर समझते हैं और कहते हैं कि पुलिस उनका कुछ बिगाड़ नहीं सकती। नागरिकों का आरोप है कि सट्टा कारोबार पुलिस की मिलीभगत से फल-फूल रहा है। यदि पुलिस चाहे तो इनके मोबाइल फोन और खातों की जांच कर सकती है, जिससे शहर और गांवों में फैले पूरे नेटवर्क का खुलासा हो जाएगा। लेकिन पुलिस कार्रवाई से परहेज करती दिखाई देती है। इलाके के गरीब और दलित परिवार सबसे अधिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के अंदर ही इतने बड़े पैमाने पर अवैध धंधा चलना पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। शहरवासी अब खुलेआम यह कहने लगे हैं कि बिना पुलिस संरक्षण के इतने बड़े पैमाने पर कारोबार संभव ही नहीं है।नागरिकों ने पुलिस विभाग और प्रशासन के आला अधिकारियों से मांग की है कि इस अवैध धंधे पर तत्काल रोक लगाई जाए। सट्टा माफियाओं की संपत्ति की जांच, मोबाइल रिकॉर्ड की पड़ताल और कड़ी कानूनी कार्रवाई करके क्षेत्र को राहत दिलाई जाए।

## उमरिया बालिका छात्रावास से पांच बच्चियां लापता, जिले में हड़कंप

**उमरिया। एजेंसी**

जिले के पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गिंजरी में स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास से पांच छात्राओं के अचानक गुम होने का बड़ा मामला सामने आया है। इसकी जानकारी लगते ही जिले में हड़कम्प मच गया, तो वहीं छात्रावास की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो गये। जिले में गुमशुदगी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।




जहां अभी तक अर्चना तिवारी की गुमशुदगी का मामला सुर्खियों में है, वहीं अब पाली नगर थाना क्षेत्र के गिंजरी स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास से कक्षा आठवीं की पांच छात्राओं के अचानक लापता हो जाने से बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। लापता छात्राओं के परिजनों रेणु दहिया, राज कुमार कुशवाहा, सुशीला मराबी, बिसरती कुशवाहा ने बताया कि हमारी बेटियां गायब हैं, वार्डन ने कोई देखभाल नहीं की। यहाँ किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था नहीं है, गेट टूटा हुआ है, सभी परिजनों का का रो-रोकर बुरा हाल है। उन्होंने सीधे-सीधे छात्रावास प्रबंधन पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि ÷छात्रावास में न तो बाउंड्रीवाल है, न ही कैमरे चालू हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। अगर प्रबंधन ने जिम्मेदारी निभाई होती तो एक साथ पांच बच्चियां कैसे लापता हो सकती थीं वहीं कैमरे के सामने न आते हुये छात्रावास सहायिका सारिका शर्मा ने बताया कि रात्रि 8 बजे तक सभी छात्राएं जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल थीं। इसके बाद खाना खाया और रात 11 बजे तक सब मेरे सामने थीं। सुबह 8 बजे जब नाश्ते का एलार्म बजा और अटेंडेंस हुई तो पांच छात्राएं मौजूद नहीं थीं। उनके कमरों में जाकर देखा, आसपास खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों और थाने को सूचना दी।÷ वहीं घटना की जानकारी मिलते ही जिले की एस पी निवेदिता नायडू, एसडीएम अम्बिकेश प्रताप सिंह, एसडीओपी एस.सी. बोहित और थाना प्रभारी राजेशचंद्र मिश्रा मौके पर पहुंचे।

### ट्रेन से गायब अर्चना तिवारी का नहीं मिल रहा कोई सुराग

**कटनी।** कटनी की बेटी अर्चना तिवारी पिछले 10 दिनों से लापता है. पुलिस से लेकर घरवाले तक हर रोज उसकी तलाश में जुटे हैं लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अर्चना का परिवार और पूरा कटनी अर्चना के वापस लौटने की राह देख रहे हैं. सभी को उम्मीद है कि अर्चना सुरक्षित होगी और जल्द ही वापस आ जाएगी। उसकी तलाश में कटनी से लेकर इटारसी नर्मदापुरम भोपाल और इंदौर तक की रेल पुलिस जुटी हुई है. रेल पुलिस और भोपाल की पुलिस हर एंगल से इस मामले की जांच कर रही है. अलग-अलग टीम साइबर के माध्यम से स्टेशनों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से अर्चना का सुराग खंगालने के काम में लगी हुई है।



### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अपने जन्मदिन पर किया गौपूजन

**रीवा। एजेंसी**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के जन्मदिवस पर लक्ष्मणबाग मंदिर तथा गौशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने गायों के लिए आयोजित भण्डारे का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गौमाता में देवी, देवताओं का वास होता है। गाय का गोबर और मूत्र का उपयोग पूजा में किया जाता है। इस अवसर पर सांसद जनार्दन मिश्रा ,जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्ता, डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, राजेश पाण्डेय, उप संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा तथा बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और आमजनों ने समारोह में भाग लेकर उप मुख्यमंत्री शुक्ल को जन्मदिन की बधाई दी।

## रजौआ में मटकी फोड़ प्रतियोगिता, विधायक लारिया ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया

**सागर।** नरयावली विधानसभा के ग्राम रजौआ में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर परम्परागत मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण में किया गया। इस आयोजन को देखने आसपास के ग्रामों के नागरिक बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। रजौआ पहुंचकर विधायक प्रदीप लारिया ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विधायक लारिया भी प्रतियोगिता का हिस्सा बने। उन्होंने भी आंख पर पट्टी बांधकर मटकी फोड़ने का प्रयास किया। क्षेत्रीय विधायक की उपस्थिति से प्रतिभागियों में उत्साह नजर आया साथ ही जीतने वाली टीम को पुरस्कृत किया गया।

## मकरोनिया-बहेरिया क्षेत्र में 5 जी सेवा उपलब्ध कराने भूपेन्द्र सिंह ने सिंधिया को लिखा पत्र

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह ने केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि सागर शहर से लगे मकरोनिया, बहेरिया क्षेत्र में 5 जी इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराई जाये। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया को प्रेषित पत्र में सिंह ने बताया है कि सागर शहर से लेकर बहेरिया चौराहे तक औद्योगिक, व्यवसायिक, शैक्षणिक, चिकित्सकीय और आवासीय सुविधाएं तेजी से बढ़ रही हैं। मकरोनिया चौराहे से लेकर बहेरिया चौराहे तक वर्तमान में आबादी लगभग तीन लाख है। जो कि एक नया शहर है। सागर में शहर का विकास इसी मार्ग पर हो रहा है। संचार की सुविधा की दृष्टि से 5जी इंटरनेट सुविधा न होने के कारण यहां पर व्यावसायिक, शैक्षणिक गतिविधियों में लोगों को असुविधा हो रही है। ज्ञातव्य है कि इंटरनेट की 5 जी सेवा उपलब्ध होने से मकरोनिया-बहेरिया क्षेत्र में टेलीमेडिसिन, रिमोट सर्जरी और मरीजों की रियल टाइम मानिटिरिंग आसान होगी। 5 जी से वर्चुअल क्लास 3 डी, वीआर लर्निंग और रिमोट एजुकेशन अधिक प्रभावी होगा। नये उद्योग को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार और निवेश के नये अवसर पैदा होंगे।



## अवंतीबाई लोधी की जन्म जयंती मनाई

**सागर।** मकरोनिया में अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की 194वीं जन्म जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया के नेतृत्व में मकरोनिया चौराहा स्थित अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर लारिया ने कहा कि वीरांगना अवंतीबाई लोधी 1857 की क्रांति की प्रथम महिला स्वाधीनता संग्रामी थी। 1857 की क्रांति में रामगढ़ की रानी अवंती बाई रेवांचल में मुक्ति आंदोलन की सूत्रधार थीं जिससे भारत के इतिहास में एक नई क्रांति आई। त्याग,शौर्य और महिला सशक्तिकरण की अप्रतिम प्रतीक अवंतीबाई लोधी का मातृभूमि की रक्षा में समर्पित जीवन आज भी समाज के लिए महान प्रेरणा है। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मिहिलाल, पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## आईजी हिमानी खन्ना विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित



**सागर।** स्वतंत्रता दिवस पर सागर जोन की पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना को विशिष्ट सेवा के लिए भारत सरकार के सर्वोच्च पुलिस सम्मान राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आईजी खन्ना को यह प्रतिष्ठित पदक लगाकर सम्मानित किया। हिमानी खन्ना 2006 बैच की भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश पुलिस में पुलिस मुख्यालय सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सेवा दी है और पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया है।

## आईएसओ अवार्ड पाने वाला रीजन का पहला स्कूल बना खाचरोद का नवोदय विद्यालय

**खाचरोद।** खाचरोद तहसील के गांव बुरानाबाद में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय को आईएसओ का अवार्ड मिला है। इसके साथ ही यह अवार्ड पाने वाला भोपाल रीजन का पहला स्कूल बना है। सभी मापदंड पर खरा उतरने के आधार पर स्कूल को या अवार्ड दिया गया ह। इससे पहले कॉरपोरेट वर्ल्ड एडवाइजर से आईएसओ समन्वयक भूपेंद्रर द्विवेदी द्वारा विद्यालय का निरीक्षण किया गया था। छात्रों की सुरक्षा, पढ़ाई, क्लास रूम की व्यवस्था, स्कूल प्रबंधन का व्यवहार, अग्निशमन की व्यवस्था, भोजनालय, हॉस्टल व्यवस्था सहित तमाम बिंदुओं पर टीम ने स्कूल का दो बार औचक निरीक्षण किया। सभी मापदंड पर खरा उतरने के बाद आईएसओ 9001-2025 अवार्ड जारी किया गया। गौरतलब है कि आईएसओ अवार्ड, अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) द्वारा दिया जाता है। मानकीकरण और संबंधित गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देता है। यह पुरस्कार व्यक्तियों, समितियों, या संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मानकों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, या जिन्होंने आईएसओ के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

## ऑक्सीजन सपोर्ट न मिलने से वृद्ध की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**अनूपपुर। एजेंसी**

जिला चिकित्सालय में उपचार के दौरान 85 वर्षीय वृद्ध की मृत्यु के बाद मृतक के परिजनों ने चिकित्सालय प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया एवं दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही सिविल सर्जन डॉक्टर एस आर परस्ते ने मौके पर पहुंच कर समझाइश दी। लेकिन, विवाद बढ़ता देखकर जिला चिकित्सालय पुलिस चौकी ने सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने किसी तरह से परिजनों को शांत कराया। जिला मुख्यालय के वार्ड 10 पुरानी बस्ती निवासी 85 वर्षीय कमला प्रसाद राठौर को एक हफ्ते पहले बुखार आने पर परिजनों ने जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया था। जहां वार्ड में जगह न होने पर टीन शेड के बनाए गए अस्थाई वार्ड में उन्हें शिफ्ट किया गया था। मृतक के परिजन विजय सिंह ने बताया कि रविवार को मृतक की हालत बिगड़ने लगी और सांस लेने में तकलीफ होने पर इस वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट की कोई व्यवस्था नहीं की गई। वह सिस्टर ड्यूटी रूम में गए लेकिन वहां पर स्टाफ नर्स ने उन्हें पर्ची बनवाने के लिए कहा। वह पर्ची बनवाने के लिए गए जहां लाइन में लगने और पर्ची बनवाने में विलंब हो जाने पर मरीज की मृत्यु हो गई। इसके बाद परिजन आक्रोशित हो गए और इस मामले को लेकर के संबंधित स्टाफ नर्स जिसने उपचार करने की बजाय ओपीडी पर्ची बनवाने के लिए भेजा उस पर कार्रवाई की मांग करने लगे। स्टाफ नर्स से मरीज को देखने के लिए कहा पर उसने ओपीडी पर्ची बनाने की मांग की।

**मेट्रो एंकर** सशस्त्र पुलिस बल के जवान देंगे पालकी में विराजित भगवान को सलामी

## आज राजसी भ्रमण पर निकलेंगे बाबा महाकाल, 6 स्वरूपों में देंगे दर्शन

**उज्जैन। एजेंसी**

भगवान महाकालेश्वर की श्रावण / भाद्रपद माह में निकलने वाली सवारी के क्रम में आज छठवीं और राजसी (शाही) सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। इस दौरान अवंतिकानाथ बाबा महाकाल नगर भ्रमण पर निकल कर अपनी प्रजा का हाल जानेंगे। सवारी के दौरान भगवान महाकाल छह स्वरूपों में अपने भक्तों को दर्शन देंगे। रजत पालकी में श्री चन्द्रमौलेश्वर, गजराज पर श्री मनमहेश, गरूड़ रथ पर श्री शिवतांडव, नन्दी रथ पर श्री उमा-महेश, श्री होल्कर स्टेट के मुखारविंद तथा श्री सप्तधान के मुखारविंद डोल रथ पर विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सवारी में जनजातीय समूहों के कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि भगवान महाकाल की सावन-भाद्रपद मास की अंतिम सवारी शाम चार बजे शाही अंदाज में निकाली जाएगी। सवारी निकलने के पूर्व मंदिर के सभामंडप में विधिवत भगवान श्री चन्द्रमौलेश्वर का पूजन-अर्चन होने के पश्चात रजत पालकी में विराजित होकर भगवान अपनी प्रजा के हाल जानने के लिए नगर भ्रमण पर निकलेंगे। मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के द्वारा पालकी में विराजित भगवान सलामी (गार्ड ऑफ ऑनर) दी जाएगी। प्रबंधन समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि सवारी मार्ग में सड़क की ओर व्यापारीगण भट्टी चालू न रखें और न ही तेल का कढ़ावा रखें। दर्शना?र्थी सवारी में उल्टी दिशा में न चलें और सवारी निकलने तक अपने स्थान पर खड़े रहें। दर्शनार्थी गलियों में वाहन न खड़ा करें। श्रद्धालु सवारी के दौरान सिक्के, नारियल, केले, फल आदि न फेकें। भजन मंडलियों के बाद नगर के साधु-संत व गणमान्य नागरिक, पुलिस बैंड, नगर सेना के सलामी गार्ड की टुकड़ी, श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी व पुरोहितगण सवारी के साथ रहेंगे। उनके बाद भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर की प्रमुख पालकी, भारत बैंड, गरुथ रथ पर विराजित श्री शिव तांडव, रमेश बैंड, नंदी रथ पर उमा महेश स्वरुप, गणेश बैंड, रथ पर श्री होल्कर स्टेट मुखारविंद, आरके बैंड, रथ पर श्री सप्तधान मुखारविंद के पश्यात राजकमल मुजिकल ग्रुप बैंड, व श्री मनमहेश स्वरुप हाथी पर विराजित होंगे।



### चलित रथ के माध्यम से दर्शन

भगवान महाकाल की सवारी के सुगमतापूर्वक दर्शन के लिये मन्दिर प्रबंध समिति द्वारा चलित रथ की व्यवस्था की गई है, जिसके दोनों ओर एलईडी के माध्यम से सवारी का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इससे श्रद्धालु भगवान के दर्शन का लाभ ले सकेंगे। साथ ही उज्जैन के अन्य स्थानों जैसे फ्रीगंज, नानाखेड़ा, दत्तअखाड़ा आदि क्षेत्रों पर भी सवारी के लाइव प्रसारण को देख सकेंगे व भगवान के दर्शनों का लाभ ले सकेंगे। सवारी को भव्य स्वरुप देने के लिए चार जनजातीय कलाकारों के दल सहभागिता करेंगे। इनमें लामूलाल धुर्वे अनूपपुर के नेतृत्व में ढुलिया जनजातीय गुदुमबाजा नृत्य, भुवनेश्वर से अभिजीत दास के नेतृत्व में श्रृंगारी लोक नृत्य, सुमित शर्मा एवं साथी हरदा से लोक नृत्य एवं साधूराम धुर्वे बालाघाट के नेतृत्व में बैगा जनजातीय करमा नृत्य की प्रस्तुतियां सम्मिलित हैं। यह सभी दल शाही सवारी के साथ अपनी प्रस्तुति देते हुए चलेंगे।

### संघर्ष की पथरीली जमीन से अंतरराष्ट्रीय फलक पर बना रहीं पहचान

# झारखंड की फुटबॉलर बेटियां, भूख-गरीबी को भी दे रही हैं मात

**रांची , एजेंसी**

झारखंड की पथरीली जमीन पर फुटबॉलर बेटियां अपने हौसले से नाम कमा रही हैं। जिनके घरों में आज भी भूख, गरीबी और संघर्ष का साया है, लेकिन मैदान पर उनका जुनून इन तमाम मुश्किलों को मात दे रहा है। किसी की मां दूसरों के घरों में बर्तन धो रही हैं, तो किसी के पिता दिहाड़ी मजदूरी में लगे हैं। नंगे पांव दौड़ते हुए, गांव वालों की फब्तियों के बीच भी इन लड़कियों ने फुटबॉल खेलने का सपना नहीं छोड़ा।

भूटान में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली सैफ अंडर-17 बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम में झारखंड की सात खिलाड़ी चुनी गई हैं। इनमें गुमला की सूरजमुनि कुमारी, एलिजाबेथ लकड़ा, अनीता डुंगडुंग, विनीता होरो और वीणा कुमारी, हजारीबाग की अनुष्का कुमारी और रांची की दिव्यानी लिंडा शामिल हैं। इन सातों लड़कियों के संघर्ष की कहानी कमोबेश एक जैसी है।



दिव्यानी लिंडा रांची के ओरमांझी थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। उनके पिता 4 साल पहले गुजर गए और मां मजदूरी करती हैं। घर पर एक दिव्यांग भाई के अलावा दो भाई हैं। घर की माली हालत यह है कि सुबह खाना बन गया तो शाम की रोटी के लिए सोचना पड़ता है। ऐसी मुश्किलों के बावजूद, दिव्यानी ने रोज पांच किलोमीटर पैदल चलकर फुटबॉल का अभ्यास किया और आज भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

इसके पहले भी दिव्यानी लिंडा का चयन दो बार नेशनल स्तर के टूर्नामेंट खेलो इंडिया और एसजीएफआई के लिए हुआ था। वह सीनियर नेशनल में भी खेल चुकी हैं। वह अंडर-16 में भारत की टीम का हिस्सा बनकर नेपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सैफ टूर्नामेंट में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।

सूरजमुनि कुमारी गुमला जिले के बिशुनपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित गोबरसेला गांव की रहने वाली हैं। गांव की कठिन परिस्थितियों और गरीब किसान परिवार से आने के बावजूद, उन्होंने गुमला के आवासीय फुटबॉल सेंटर में प्रशिक्षण लिया। उनके माता-पिता कहते हैं कि सूरजमुनि ने अपने जुनून और मेहनत से जगह बनाई है।

#### अनुष्का माता-पिता हैं दिहाड़ी मजदूर

अनुष्का कुमारी रांची के ओरमांझी की हैं। वह हजारीबाग स्थित आवासीय फुटबॉल सेंटर में ट्रेनिंग लेती हैं। उनके माता-पिता दिहाड़ी मजदूर हैं। सुबह चार बजे उठकर अभ्यास, दिनभर के काम और पढ़ाई के बीच अनुष्का ने फुटबॉल के प्रति अपना जुनून जिंदा रखा। उनका रोल मॉडल रोनाल्डो है और वह एक दिन भारतीय टीम की कप्तान बनने का सपना देखती हैं। इन सात लड़कियों में से पांच ने गुमला स्थित सेंट पैट्रिक हाई स्कूल के आवासीय सेंटर में फुटबॉल की बारीकियां सीखी हैं। इनकी कोच वीणा केरकेट्टा कहती हैं कि बेहद निम्न पृष्ठभूमि से आने वाली हमारी लड़कियां राष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह पहचान बना रही हैं, वह हमारे लिए गर्व का विषय है।

## टी20 वर्ल्ड कप खेलने को बेताब केशव महाराज बनना चाहते हैं मैच विनर

**नई दिल्ली , एजेंसी**

साउथ अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज भले ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज नहीं खेल सके, लेकिन अब इस खिलाड़ी की नजरें टी20 वर्ल्ड कप 2026 पर हैं। अगले साल टी20 वर्ल्ड कप का आयोजन भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होना है, जिससे पहले केशव महाराज अपनी तैयारियों को मजबूत करने के लिए किसी भी मुकाबले से चूकना नहीं चाहते। केशव महाराज ने कहा, टी20 वर्ल्ड कप 2026 मेरे लिए बहुत अहम है। फिलहाल मैं तीनों फॉर्मेट खेलकर खुश हूं। मुझे अब भी गेंदबाजी पसंद है। जब तक यह जुनून कम नहीं हो जाता, मैं अपने देश के लिए तीनों फॉर्मेट खेलते हुए मैच विनर बनना चाहता हूं। जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान केशव महाराज की कमर में खिंचाव आया था, जिसके बाद वह दूसरा मुकाबला नहीं खेल सके। केशव महाराज ने स्पष्ट किया है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर होने से उन्हें कोई खास असर नहीं पड़ा है।



#### झटक चुके हैं 38 विकेट

केशव महाराज ने 39 टी20 मुकाबलों में 25.84 की औसत के साथ 38 विकेट झटके। वहीं, 48 वनडे मैचों में इस खिलाड़ी ने 58 शिकार किए। टेस्ट फॉर्मेट में उनके प्रदर्शन को देखा जाए, तो महाराज ने 59 मुकाबलों की 100 पारियों में 203 विकेट अपने नाम कर लिए हैं। टी20 सीरीज से बाहर बैठने के बाद केशव महाराज ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध वनडे सीरीज के लिए साउथ अफीकी टीम का हिस्सा हैं। केशव महाराज ने आगामी सीरीज को लेकर कहा, हां, मैं इसके लिए उपलब्ध हूं। मुझे लगता है कि कोच शुक्री कॉनराड कुछ नया आजमाना चाहते हैं।



### फ्रेंच क्वालिफायर एटमेन को दो सेट में हराया

# वर्ल्ड नंबर-1 सिनर सिनसिनाटी ओपन के फाइनल में, अल्काराज से मुकाबला

**सिनसिनाटी , एजेंसी**

वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने अपने 24वें जन्मदिन पर सिनसिनाटी ओपन में शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने सेमीफाइनल में फ्रेंच क्वालिफायर टेरेंस एटमेन को 7-6, 6-2 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। अब फाइनल में सिनर का मुकाबला स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्काराज से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से मात दी।

सिनर और अल्काराज के बीच अब तक 13 मैच खेले जा चुके हैं। इसमें अल्काराज ने 8 बार जीत दर्ज की है जबकि सिनर ने 5 में बाजी मारी है।

एटमेन ने फ्रिट्ज-रूने को हराया था सिनर ने पूरे मैच में बेहतरीन सर्विस की और पहले सेट में एक भी ब्रेक प्वॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। दूसरी ओर, एटमेन का यह टूनार्मेंट किसी सपने जैसा रहा, जहां उन्होंने टेलर फ्रिट्ज और होल्गर रूने जैसे खिलाड़ियों को हराकर सबको चौंकाया। मैच से पहले एटमेन ने सिनर को जन्मदिन पर एक पिकाचु वाला पोकेमॉन कार्ड गिफ्ट किया।

सिनर ने अल्काराज को हराकर विम्बलडन जीता था सिनर ने पिछले महीने विम्बलडन के मेंस सिंगल्स में अल्काराज को हराकर खिताब जीता था। वे विम्बलडन चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने थे। इस जीत के साथ सिनर ने अल्काराज से 5 हफ्ते पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया था। 8 जून 2025 को अल्काराज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था।स्वियातेक से भिड़ेंगी रायबाकिना विमेंस कैटेगरी में एलेना रायबाकिना ने आर्यना सबालेंका को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। उन्होंने सबालेंका को 6-1, 6-4 से हराया।

### सूर्यकुमार ने फिटनेस टेस्ट पास किया

## एशिया कप में भारत की कप्तानी करेंगे, कल होगा टीम सिलेक्शन

**मुंबई , एजेंसी**

भारतीय टी-20 क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। अब वे 9 सितंबर से शुरू हो रहे एशिया कप में भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी करेंगे। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, 34 साल के सूर्यकुमार 19 अगस्त को मुंबई में चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर के साथ मिलकर 15 सदस्यों वाली भारतीय टीम का सिलेक्शन करेंगे।



स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी के बाद वापसी सूर्यकुमार यादव ने जून 2025 में जर्मनी के म्यूनिख में स्पोर्ट्स हर्निया (लोअर-राइट एब्डॉमेन) की सर्जरी करवाई थी। इसके बाद उन्होंने बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब प्रोग्राम पूरा किया और अब उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन खत्म होने के बाद वे विशेषज्ञ से सलाह लेने के लिए यूनाइटेड किंगडम भी गए थे। उन्होंने सर्जरी के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा था- लाइफ अपडेट, निचले-दाएं पेट में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी हुई। सर्जरी सुचारू रही और मैं रिकवरी की राह पर हूं। जल्द ही मैदान पर वापसी की उम्मीद है।

#### भारत का पहला मैच यूएई से

भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को वएए, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा। भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूनार्मेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूनार्मेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

**मनोरंजन**

**बॉलीवुड का कोना**



## शिकागो में छुट्टियां बिता रहीं अभिनेत्री भाग्यश्री, अनुभव को बताया शानदार

एक्ट्रेस भाग्यश्री सोशल मीडिया पर बेहतरीन पोस्ट के साथ फैंस से जुड़ी रहती हैं। लेटेस्ट पोस्ट में उन्होंने शिकागो में बिताई अपनी छुट्टियों के अनुभव साझा किए। शिकागो की खूबसूरती को 12 प्वाइंट में बयां करते हुए एक्ट्रेस ने बताया कि उनका अनुभव शानदार रहा।

उन्होंने तस्वीरों के साथ बताया कि शिकागो का खुला आसमान, स्वादिष्ट व्यंजन और आध्यात्मिक अनुभवों ने उनकी यात्रा को कभी न भूलने वाला बना दिया। भाग्यश्री ने लिखा, ÷शिकागो की यात्रा एक अनूठा अनुभव है, जहां आधुनिकता, संस्कृति और प्रकृति का संगम देखने को मिलता है। इस शहर ने अपनी खूबसूरती, लजीज व्यंजनों के स्वाद और आध्यात्मिकता से मेरा दिल जीत लिया।÷

उन्होंने आगे लिखा, ÷शिकागो का आसमान, खासकर नेवी पियर से दिखने वाला नजारा, बेहद मनमोहक रहा। एल्डर प्लेनेटेरियम की संरचना ने साइंस और आर्किटेक्चर का मेल पेश किया, जबकि सोल्जर्स फील्ड के पास म्यूजियम और ओलंपिक फायर ने इतिहास की झलक दिखाई। सुबह की धूप ने शहर की सुंदरता को और भी निखार दिया। खाने के शौकीनों के लिए शिकागो का डीप डिश पिज्जा एक लाजवाब अनुभव है, जिसकी मोटी लेयर और स्वाद दुनिया भर में प्रसिद्ध है। भाग्यश्री ने मैक्सिकन-भारतीय फ्यूजन व्यंजनों का लुत्फ उठाया और व्यंजनों की तारीफ की।

## नोरा फतेही ने किया फैंस को सरप्राइज जताई डांस एकेडमी शुरू करने की ख्वाहिश

बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपनी डांसिंग टैलेंट से सभी को हैरान करने वाली नोरा फतेही हाल ही में मुंबई के कुछ डांसिंग स्टूडियोज में पहुंची। जहां उन्होंने सभी स्टूडेंट्स संग अपने नए गाने ओह मामा टेटेमा पर डांस किया। नोरा ने सभी को उनके लेटेस्ट गाने की कोरियोग्राफी भी सिखाई। इस सबके बीच नोरा ने अपने सपने का भी जिक्र किया।



**नोरा ने मुंबई के कुछ डांसिंग स्टूडियो जाकर अपने फैंस से मुलाकात की। जहां उन्होंने उनके डांसिंग स्किल्स को भी जाना और परखा। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टा पोस्ट में भी डांसिंग स्टूडियो को देखकर लिखा कि अब वो भी अपनी डांसिंग अकैडमी खोलना चाहती हैं। नोरा ने लिखा, ये चीज मुझे मेरी खुद की डांसिंग अकैडमी डांस विद नोरा जल्द से जल्द खोलने पर मजबूर कर रही है। आपके प्यार के लिए शुक्रिया। आपसे मिलकर मुझे बहुत लकी महसूस हुआ।**

नोरा अपने छोटे-छोटे फैंस से भी बड़े प्यार से मिलती हैं जिसे देखकर वहां मौजूद सभी स्टूडेंट्स काफी खुश नजर आते हैं। एक्ट्रेस की अपने फैंस संग ये मीटिंग कई लोगों को पसंद आई। नोरा ने स्टूडियो में मौजूद सभी डांसिंग स्टूडेंट्स को अपने नए गाने की कोरियोग्राफी भी सिखाई। जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। नोरा ने यहां भी महफिल लूटी। उनका गाना ओह मामा टेटेमा यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। फैंस उन्हें जल्द दूसरे प्रोजेक्ट्स में भी देखना चाहते हैं।

#### क्या हैं नोरा फतेही के आने वाले प्रोजेक्ट्स?

नोरा म्यूजिक वीडियोज के अलावा फिल्मों में भी एक्टिंग करती हैं। उनकी अगली फिल्म साउथ की कंचना 4 होगी जिसमें वो एक्टिंग करती नजर आएंगी। वहीं वो संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की कन्नड़ फिल्म केडी में भी दिखाई देंगी। कुछ समय पहले इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था जिसमें नोरा अपने डांस से सभी को इंप्रेस कर रही थीं।





**मेट्रो बाजार**

## हमारे आईआईटी संस्थान आत्मनिर्भर भारत की बनेंगे आधारशिला : धर्मेन्द्र प्रधान

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि हमारे आईआईटी संस्थानों की भूमिक आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला के रूप में अहम होगी। प्रधान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अटूट समर्थन से, हमारे प्रतिभाशाली युवाशक्ति टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और उद्यमिता के नियमों को नए सिरे से लिखेंगे और एक समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे आईआईटी संस्थान आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बनेंगे। प्रधान ने आईआईटी दिल्ली के छात्रों से बातचीत की, जिसकी जानकारी उन्होंने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट साझा कर दी। केंद्रीय मंत्री ने लिखा, पीएम मोदी द्वारा अपने निर्णायक स्वतंत्रता दिवस संबोधन के दौरान दिए गए आह्वान को आगे बढ़ाते हुए आज सुबह आईआईटी दिल्ली के छात्रों के साथ बातचीत की और आत्मनिर्भरता प्राप्त करने, राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने और 2047 तक समृद्ध भारत के विजन को पूरा करने के लिए सामूहिक कार्रवाई को गति देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा, समय को भी मोड़ देने का, यही समय है, सही समय है। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताते हुए कहा कि हमारे युवाओं की प्रतिभा, दृढ़ता और संकल्प, आत्मनिर्भरता की खोज के साथ मिलकर भारत की क्षमताओं को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उसकी तकनीकी और आर्थिक संप्रभुता को बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 10 वर्षों में 133 अरब डॉलर तक पहुंचा

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल को एक बड़ा प्रोत्साहन देते हुए, भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 2014-15 से शुरू होकर एक दशक में 31 अरब डॉलर से बढ़कर 133 अरब डॉलर हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि 2025-26 की पहली तिमाही में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 2024-25 की इसी तिमाही की तुलना में 47 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई है। उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रयास किए हैं। परिणामस्वरूप, 2014 में हमारी केवल दो मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट थीं, जो आज बढ़कर 300 से अधिक हो गई हैं। मोबाइल आयातक से दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता बनने का सफर सबसे शानदार रहा है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा,



इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र ने सौर मॉड्यूल, नेटवर्किंग उपकरण, चार्जर एडेप्टर और इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के साथ बड़े पैमाने पर रोज़गार के अवसर भी पैदा किए हैं, जो हमारे निर्यात को मज़बूत करने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) द्वारा संकलित नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 12.4 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 8.43 अरब डॉलर था।

# बाइक सवार बुजुर्ग व्यक्ति को कुचलने वाले ट्रक चालक पर केस दर्ज

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**निशातपुरा इलाके में बाइक सवार बुजुर्ग व्यक्ति को कुचलने वाले ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। आरोपी ट्रक ने देर रात घर लौटते समय बुजुर्ग व्यक्ति को कुचल दिया था, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी।**



फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार रामस्वरूप यादव (60) फिलहाल इस्लाम नगर टावर के पास थाना ईटखेड़ी में रहते हैं। शनिवार की रात को वह अपने छोटे भाई राजेश यादव के रुसल्ली करोंद पहुंचे थे। देर रात वह अपनी बाइक लेकर घर के लिए लौट रहे थे। रुसल्ली मोड़ क्रास करते समय जेल रोड की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने रामस्वरूप की बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह ट्रक के पहिये के नीचे आ गए। चालक ने उन्हें कुछ दूरी तक घसीट दिया, जिससे रामस्वरूप की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। बाद में टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज कर लिया गया।

कार की टक्कर से स्कूटर सवार तीन लोग घायल निशातपुरा इलाके में कार के टक्कर से स्कूटर सवार तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार कुलदीप सिंह (33) कृषक नगर करोंद में रहते हैं और प्रायवेट काम करते हैं। बीती नौ अगस्त की रात करीब साढ़े बारह बजे वह अपनी पत्नी और भांजी के साथ स्कूटर से विवेकानंद गेट करोंद से कर्मा शादी हाल जा रहे थे। वह शादी हाल के पास सड़क क्रास कर रहे थे, तभी जेल रोड की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। अस्पताल में इलाज कराने के बाद कुलदीप ने थाने पहुंचकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई। टक्कर मारने वाली कार का नंबर नहीं पता चल पाया है। पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## इलेक्ट्रिक रिक्शे की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

कोलार इलाके में इलेक्ट्रिक रिक्शे की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार यशवंत क्षीरसागर (24) मूलतः सिवनी का रहने वाला है। फिलहाल वह चूनाभट्टी इलाके में रहता है और एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में सिविल इंजीनियर है। कंपनी का कार्यालय कोलार रोड पर है। शनिवार की रात करीब साढ़े दस बजे यशवंत अपने दोस्त धीरज के साथ बाइक से घर लौट रहा था। सर्वधर्म कालोनी के पास आगे चल रहे एक इलेक्ट्रिक रिक्शा चालक ने अचानक अपने रिक्शे को यूटर्न लेकर मोड़ दिया, जिससे पीछे चल रही उनकी बाइक रिक्शे में जाकर टकरा गई। इस हादसे में यशवंत और उनका दोस्त धीरज घायल हो गए। पुलिस ने रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




### तलवार और छुरी लेकर युवकों को दौड़ा-दौड़ा कर मारा था

# सरेराह तलवारबाजी कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**कोलार के दामखेड़ा इलाके में सरेराह तलवारबाजी कर दहशत फैलाने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को आरोपियों का जुलूस निकाला और घटनास्थल पर ले जाकर रिक्रिएशन किया। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें बदमाश तलवार और छुरी लेकर युवकों को दौड़ा-दौड़ा कर मार रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का प्रयास और बलवा की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था।**

पुलिस के मुताबिक दामखेड़ा ए-सेक्टर कोलार निवासी दुर्गेश उर्फ भैय्यू (22) मजदूरी करता है। विगत 4 अगस्त को वह अपने घर के पास खड़ा था। तभी वहां भरत दामौड़, गोविंद मालवीय, शुभम सरदार, गजनी और अन्य लोग आ गए। दुर्गेश और भरत व उनके साथियों के बीच पुराना विवाद चल रहा है। इसी बात को लेकर भरत व उसके साथियों ने दुर्गेश पर शराब पीने के लिए पैसों की अड़ी डाली। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया था। यह देख आसपास मौजूद दुर्गेश के साथी शिवा, हरमीत सिंह व यज्ञरूप उसे बचाने पहुंचे। तभ आरोपी भरत दामौड़, गोविंद मालवीय, शुभम सरदार व गजनी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर दुर्गेश और उसके दोस्तों पर तलवार-छुरी से हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी।

### घटना का किया रिक्रिएशन

पुलिस ने मामले में आरोपी गोविंद मालवीय (29) निवासी दामखेड़ा सर्वधर्म कोलार रोड, नीतेश जाटव (24) निवासी शाहपुरा, धनु उर्फ धनराज डामोर (19) निवासी दामखेडा ए-सेक्टर और आरोपियों को संरक्षण देने वाले बबलू मेहरा (26) निवासी दामखेड़ा ए-सेक्टर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चैन स्पाकेट, छुरी व धारदार हथियार जब्त किया गया है। आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर घटना का रिक्रिएशन किया गया।

## मनुआभान टेकरी में फौजी की कार का कांच तोड़कर चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार



कोहेफिजा पुलिस ने मिलिट्री मैन की कार का कांच तोडक़र नगदी व स्पीकर चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कार से चोरी किए माल के अलावा एक एक्टिवा और बाइक भी बरामद की है।

पुलिस के मुताबिक थ्री ईएमई सेंटर बैरागढ़ निवासी सौरभ चौधरीविगत 28 जुलाई को अपनी कार से मनुआभान टेकरी घूमने गए थे। जब वह लौटे तो कार का कांच टूटा हुआ मिला और उसमें रखा जेबीएल कंपनी का स्पीकर व सात हजार रुपए नगदी भी गायब थे। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। जांच के दौरान दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी योगेश दांगी (26) निवासी सिंगारचोली एयरपोर्ट रोड को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने वारदात को अंजाम देना कुबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर कार से चोरी किया गया जेबीएल कंपनी का स्पीकर, एक एक्टिवा और हीरो स्प्लेंडर बाइक बरामद की है। बरामद माल की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी से चोरी के अन्य मामलों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## नौकरी का झांसा देकर महिला का किया शारीरिक शोषण

दोहपर मेट्रो, भोपाल।



**भोपाल।** अवधपुरी पुलिस ने एक महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी ने नौकरी लगवाने का झांसा देकर महिला से नजदीकी बढ़ाई और उसके बाद उसका शोषण करने लगा। पिछले दिनों पति को घटना का पता चला तो पीड़िता ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली 27 वर्षीय महिला गृहणी है। उसका पति शासकीय नौकरी करता है, इसलिए शहर से बाहर रहता है। करीब छह महीने पहले फरवरी में महिला इलाज कराने के लिए एम्स अस्पताल पहुंची थी, जहां उसकी मुलाकात जयदीप नामक युवक से हुई। जयदीप ने खुद को साफ्टवेयर इंजीनियर बताया था। बातचीत के दौरान महिला ने खुद के लिए नौकरी बात की तो जयदीप ने बताया कि वह उसकी नौकरी लगवा देगा। उसने महिला को एक कीपैड वाला मोबाइल फोन भी दिया था, जिससे दोनों के बीच बात होती थी। नौकरी लगवाने का झांसा देकर जयदीप महिला का शारीरिक शोषण भी करने लगा था। पिछले दिनों महिला का पति घर लौटा तो उसे कीपैड वाला मोबाइल मिला। मोबाइल को लेकर हुई पूछताछ के दौरान मामले का खुलासा हुआ तो पत्नी ने पूरी बात बता दी। उसके बाद महिला अवधपुरी थाने पहुंची और जयदीप के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## ट्राले की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

दोहपर मेट्रो, भोपाल।



**भोपाल।** नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित आमल्या गांव में तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथी घायल हो गया। पुलिस ने घायल की रिपोर्ट पर ट्राला चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का केस दर्ज किया था। घायल व्यक्ति की मौत के बाद चालक के खिलाफ धाराएं बढ़ा दी गई हैं। पुलिस के अनुसार सुरेश मोगिया (32) ग्राम पीपलहेला थाना देहात ब्यावरा जिला राजगढ़ के रहने वाले हैं। वह अपने दोस्त बाबूलाल पुत्र भंवरलाल (45) के साथ नजीराबाद स्थित ग्राम सिंघोड़ा आए थे। रविवार की सुबह करीब ग्यारह बजे दोनों बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। बाइक बाबूलाल चला रहे थे। दोनों ग्राम आमल्या मोड़ स्थित पुलिया के पास पहुंचे, तभी मकसूदनगढ़ की तरफ से आ रहे एक सफेद रंग के तेज रफ्तार ट्राले ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बाबूलाल को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था, जहां शाम के समय बाबूलाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाले ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## मछलीघर तिराहे के पास पलटा ट्रक, कार पर गिरे पाइप

**भोपाल।** मछली घर तिराहे के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान ट्रक में लदे पाइप एक कार पर गिर गए, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने कार चालक की रिपोर्ट पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार लाडसिंह कौशल (34) आष्टा जिला सीहोर में रहते हैं और ड्रायवरी करते हैं। वह अपनी कार में इंदौर से सवारी लेकर भोपाल होकर जबलपुर जा रहे थे। रविवार की रात करीब एक बजे लाडसिंह कार लेकर मछली घर तिराहा के पास छोटे तालाब के पास से निकल रहे थे, तभी राजभवन के पास नीचे की तरफ उतर रहा एक ट्रक मछली घर तिराहे के पास पलट गया। ट्रक पलटने से उसमें लदे हुए पाइप लाडसिंह की कार पर जाकर गिरे, जिससे उनकी कार के कांच फूट गये और दाहिनी तरफ का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।



फाइल फोटो

## प्रदेश के 40 जिलों के स्कूलों में आज से बनेंगे आधार कार्ड, भोपाल में प्रस्ताव भेजा

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

प्रदेश में स्कूल के बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के लिए स्कूल में ही विशेष अभियान सोमवार से शुरू हो गया है। हालांकि भोपाल जिले में केंद्रो का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा गया है, जिसपर स्वीकृति का इंतजार है। बताया जा रहा है कि भोपाल के 35 से अधिक स्कूलों में केंद्र बनाए जाएंगे। जिसकी सूची भी कलेक्टर कार्यालय को भेजी गई है। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जायेंगे। इस अभियान का नाम होगा विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार'। यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने बताया कि, 18 अगस्त से प्रारंभ होने वाला अभियान का पहला चरण, मध्य प्रदेश के 40 जिलों में एक साथ शुरू होगा और एक से दो महीने तक चलेगा। शेष 15 जिलों में दूसरा चरण सितंबर 2025 के पहले सप्ताह में शुरू होगा। स्थानीय जिला प्रशासन को अपने-अपने जिलों में आधार शिविर योजना का व्यापक प्रचार करने के लिए कहा गया है। अभिभावकों में प्रचार-प्रसार होने से विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार÷ अभियान को सफलता मिलेगी और अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकेंगे।



**मेट्रो एंकर** — पिता की हो चुकी है पहले ही मृत्यु, मां रेणु भारती बंगलों में काम कर अपना और परिवार को करती है गुजारा

# दसवीं की छात्रा ने दुपट्टे का फंदा बनाकर लगाई फांसी

दोहपर मेट्रो, भोपाल।

**कोलार थाना क्षेत्र स्थित बंजारी दशहरा मैदान झुग्गी में रहने वाली दसवीं कक्षा की छात्रा ने रविवार शाम फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।**

पुलिस के अनुसार अकांक्षा भारती पिता स्वर्गीय सोमनाथ भारती (17) बंजारी दशहरा मैदान इलाके में रहती थी। वह दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। परिवार में मां और बड़ा भाई सौरभ भारती है। पिता की मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है। मां रेणु भारती बंगलों में काम कर अपना और परिवार को गुजारा करती है। रेणु भारती ने बताया कि रविवार को उनकी तबीयत खराब थी। बेटा सौरभ उन्हें प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां से इलाज कराने के बाद शाम करीब साढ़े 7 बजे मां बेटे घर पहुंचे थे। इस दौरान पता चला कि अकांक्षा ने अंदर कमरे में फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अकांक्षा का शव पीएम के लिए भेज दिया। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि अकांक्षा मंदबुद्धि की थी।



## पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित रुकमा अस्पताल के पास बरखेड़ी में व्यापारी की पत्नी ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला की पति-पत्नी के बीच मामूली कहासुनी हुई?थी।

पुलिस के अनुसार रश्मि साहू पति सुनील साहू (42) रुकमा अस्पताल के पास बरखेड़ी में रहती थी। उनके पति सुनील साहू व्यापारी हैं। सुनील ने पुलिस को बताया कि परिवार में दो बेटी और एक बेटा है। रश्मि पति पत्नी के बीच होने वाली छोटी छोटी बातों के बाद रूठ जाती थी। रविवार को भी उनके बीच किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हुई थी। रात करीब दस बजे बच्चे छत पर थे। इसी बीच रश्मि कमरे में गई?और दरवाजा बंद कर लिया। रश्मि नजर नहीं आई तो कमरे का दरवाजा खटखटाया, लेकिन रश्मि ने दरवाजा नहीं खोला। अनहोनी की आशंका होने पर दरवाजा तोड़ा गया तो रश्मि फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर रश्मि को मृत घोषित कर दिया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022